# लोक सभा

---

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न-सूची**

**शुक्रवार, 6 अगस्त, 2021/15 श्रावण, 1943 (शक)**

---

**(आयुष; पृथ्वी विज्ञान; पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन; स्वास्थ्य और परिवार कल्याण; सूचना और प्रसारण; विज्ञान और प्रौद्योगिकी; वस्त्र; महिला और बाल विकास मंत्रालय)**

---

**कुल प्रश्न संख्या - 20**

**संस्थागत प्रसव**

**†*261. श्री सुनील कुमार सिंह :**
**श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर :**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास झारखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में संस्थागत प्रसव के संबंध में गत पांच वर्षों के आंकड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रत्येक राज्य का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कोविड-19 वैश्विक महामारी के उपरांत झारखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र तथा राजस्थान में संस्थागत प्रसव में कमी आई है;

(घ) यदि हां, तो वर्ष 2020-2021 के दौरान उपरोक्त प्रत्येक राज्य में संस्थागत प्रसव में जिले-वार कितनी कमी देखी गई; और

(ङ) संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने तथा इसमें वृद्धि हेतु सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई?

**हिमालयी क्षेत्र में पर्यावरणीय मुद्दे**

**†*262. श्री जामयांग शेरिंग नामग्याल :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) हिमालयी क्षेत्र में विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों/चिंताओं के संबंध में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र सहित देश में अवसंरचना विकास कार्यों के कारण पर्यावरण को हो रही क्षति का आकलन करने तथा इसकी प्रतिपूर्ति करने हेतु कोई कदम उठाए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) गत दो वर्षों के दौरान इस संबंध में राष्ट्रीय हरित अधिकरण में पंजीकृत मामलों का ब्यौरा क्या है?

**महासागरीय संसाधनों की खोज**

**†*263. श्रीमती साजदा अहमद :**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने सतत उपयोग हेतु महासागरीय संसाधनों की खोज के लिए पहल की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या अपतटीय ऊर्जा विकास हेतु महासागरीय ताप ऊर्जा संपरिवर्तन (ओशन थर्मल एनर्जी कन्वर्जन) हेतु कोई अध्ययन कराया गया है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या बंगाल की खाड़ी में संसाधनों की खोज हेतु कोई पहल की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**खाद्य अपमिश्रण शिकायतों हेतु त्वरित न्यायालय**

**†*264. श्री ए.के.पी. चिनराज :**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

---

†मूल अंग्रेजी में

(क) क्या सरकार का विचार विशेषरूप से खाद्य अपमिश्रण मामलों/शिकायतों के निपटान हेतु त्वरित न्यायालय स्थापित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2011 के दौरान पंजीकृत मामलों सहित खाद्य अपमिश्रण के ऐसे मामलों का ब्यौरा क्या है जो तमिलनाडु राज्य में विशेषकर नामक्कल जिले में निर्णय हेतु लंबित हैं तथा इसके क्या कारण हैं;

(ग) उक्त जिले में वर्ष 2019 से आज तक सूचित किए गए गुड़ में अपमिश्रण के मामलों की संख्या कितनी है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान संगृहीत किए गए अपमिश्रित गुड़ के नमूनों की प्रयोगशाला रिपोर्टों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या ऐसे अपमिश्रित गुड़ के निर्माताओं के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई की गई, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**किराये के भवनों में आंगनवाड़ी केन्द्र**

***265. श्रीमती भावना गवली (पाटील) :**
**श्री ओम पवन राजेनिंबालकर :**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के संज्ञान में यह आया है कि देशभर में अनेक आंगनवाड़ी केन्द्रों के अपने भवन नहीं हैं और उनमें स्वच्छ शौचालयों और स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है;

(ख) यदि हां, तो महाराष्ट्र सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) आंगनवाड़ी सुविधाएं प्रदान करने के लिए किराये पर परिसरों को लिए जाने संबंधी नीति का ब्यौरा क्या है;

(घ) किराये के परिसरों में चल रहे आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए गत तीन वर्षों के दौरान कुल कितनी राशि के किराये का भुगतान किया गया;

(ङ) उक्त अवधि के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्रों पर किए गए कुल व्यय में से किराये पर किए गए व्यय का प्रतिशत महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू और कश्मीर और बिहार सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितना है; और

(च) क्या सरकार का विचार आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए परिसरों को किराये पर लेने के बजाय इन केन्द्रों के लिए नए भवनों का निर्माण करने का है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**राष्ट्रीय पोषण मिशन**

**†*266. श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी :**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय पोषण मिशन (एनएनएम) के अंतर्गत वर्तमान में सम्मिलित किए गए जिलों की संख्या कितनी है;

(ख) उक्त मिशन के अंतर्गत कार्यान्वयन एवं संचालन संबंधी तैयारी को सुदृढ़ करने के लिए अब तक कितने लोगों को प्रशिक्षित किया गया है; और

(ग) एनएनएम के प्रचार-प्रसार हेतु गत दो वर्षों के दौरान व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

**सार्स-कोव-2**

**†*267. श्री गौरव गोगोई :**
**श्री के. नवासखनी :**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इंडियन सार्स-कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आईएनएसएसीओजी) के वैज्ञानिकों ने वायरस के नए और ज्यादा संक्रामक वेरियंट के बारे में सरकार को मार्च, 2021 में किस तारीख को सचेत कर दिया था;

(ख) सरकार ने उपर्युक्त चेतावनियों का संज्ञान किस तारीख को लिया और उन्हें सार्वजनिक किया;

(ग) क्या जनता के साथ साझा किए गए वक्तव्य में आईएनएसएसीओजी द्वारा तैयार किए गए प्रारूप में से 'अत्यधिक चिंता का विषय' (हाई कन्सर्न) जैसे शब्दों को हटा दिया गया था; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

**आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए सुविधाएं**

**†*268. श्री डी. के. सुरेश :**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संघों से ऐसा कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है जिसमें उनके द्वारा सुरक्षा, बीमा, जोखिम भत्ते और निश्चित पारिश्रमिक इत्यादि की मांग की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

---

†मूल अंग्रेजी में

(ख) क्या यह सच है कि संसद की विभागों से संबद्ध श्रम संबंधी स्थायी समिति ने भी उनके लिए इन्हीं सुविधाओं की सिफारिश की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने उक्त मांगों को पूरा करने हेतु आवश्यक कदम उठाए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**क्षेत्रीय केन्द्रों में कार्यक्रमों का निर्माण बंद किया जाना**

**†*269. एडवोकेट ए. एम. आरिफ़ :**

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार केरल में आकाशवाणी के विभिन्न क्षेत्रीय केन्द्रों में कार्यक्रमों का निर्माण बंद करने तथा उन केन्द्रों को तिरुवनंतपुरम केन्द्र के रिले केन्द्रों के रूप में परिवर्तित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार ने अलप्पुझा में 200 केडब्ल्यू मीडियम वेव ट्रांसमिशन स्टेशन को बंद करने के प्रसार भारती के निर्णय को वापस लिए जाने हेतु कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार कवरेज बढ़ाने के लिए अलप्पुझा प्रसारण केन्द्र में पुराने ट्रांसमीटर को बदलकर उसके स्थान पर नवीनतम डीआरएम ट्रांसमीटर लगाने पर विचार करेगी, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) देश में डीआरएम ट्रांसमीटरों वाले आकाशवाणी केन्द्रों तथा पुराने ट्रांसमीटरों से ही चलने वाले आकाशवाणी केन्द्रों का ब्यौरा क्या है?

**मौसम संबंधी विषम परिस्थितियां**

**†*270. श्री राजीव प्रताप रूडी :**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गत दशक में भारत में तथा पूरे विश्व में भी मौसम से संबंधित विषम परिस्थितियों में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो गत दशक के दौरान देश में दर्ज की गई मौसम से संबंधित विषम परिस्थितियों का ब्यौरा क्या है तथा इन परिस्थितियों से हताहत होने वाले लोगों की संख्या और इससे हुई संपत्ति की अनुमानित क्षति का परिस्थिति-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने मौसम संबंधी विषम परिस्थितियों के संबंध में अनुकूलन को बेहतर बनाने और ऐसी परिस्थितियों का शमन करने हेतु कोई कदम उठाए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या भारत को जलवायु परिवर्तन के संबंध में अधिक संवदेनशील माना जाता है और यदि हां, तो देश में ऐसे क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जो मौसम संबंधी विषम परिस्थितियों के संबंध में सर्वाधिक संवेदनशील हैं?

**जलवायु परिवर्तन संबंधी अनुसंधान**

**†*271. श्री दिलीप शइकीया :**
**श्री रमेश चन्द्र कौशिक :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार जलवायु परिवर्तन संबंधी अनुसंधान के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा वर्ष 2015 से वर्ष 2021 तक की अवधि के दौरान प्रदान की गई वित्तीय सहायता का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा वित्तपोषित एवं इसके द्वारा कराए गए शोध से संबंधित ऐसे शोध पत्रों की संख्या कितनी है जिन्हें गत पांच वर्षों के दौरान प्रकाशित किया गया था?

**उष्णकटिबंधीय चक्रवात**

**†*272. श्री सुब्रत पाठक :**
**श्री चन्द्र शेखर साहू :**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गत कुछ वर्षों के दौरान देश में उष्णकटिबंधीय चक्रवातों का पता लगाने एवं उनकी तीव्रता संबंधी पूर्वानुमानों में सुधार हुआ है और यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने बेहतर पूर्वानुमानों के फलस्वरूप उष्णकटिबंधीय चक्रवात प्रवण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मिलने वाले लाभों का विश्लेषण करने हेतु कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारत मौसम विज्ञान विभाग ने देश में अचानक आने वाली बाढ़ों की स्थिति में मार्गदर्शी सेवाएं (फ्लैश फ्लड गाइडेन्स सर्विसेज़) भी आरंभ की है;

(घ) यदि हां, तो देश में ऐसे स्थानों का ब्यौरा क्या है जहां ऐसी सेवाओं हेतु अवसंरचना स्थापित की गई है; और

(ङ) सरकार द्वारा देश में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं का बेहतर पूर्वानुमान लगाने के लिए और क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

†मूल अंग्रेजी में

**क्षमता निर्माण हेतु प्रस्ताव**

**†*273. श्री रघु राम कृष्ण राजू :**
**श्री विष्णु दयाल राम :**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) समर्थ योजना के अंतर्गत वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ख) क्या सरकार को उक्त योजना के अंतर्गत कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ग) यदि हां, तो उन प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) गत दो वर्षों के दौरान राज्य-वार कितनी धनराशि आबंटित, संस्वीकृत की गई एवं उपयोग में लाई गई; और

(ङ) उक्त योजना के अंतर्गत गत तीन वर्षों के दौरान झारखंड एवं असम सहित राज्य-वार कितने व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया तथा कितने व्यक्तियों को प्रशिक्षण के उपरान्त रोजगार मिला?

**निर्धन रोगियों को वित्तीय सहायता**

***274. श्री अजय निषाद :**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय आरोग्य निधि, कैंसर रोगी निधि और अन्य विवेकाधीन निधियों के अंतर्गत निर्धन रोगियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए निर्धारित मानदंडों का ब्यौरा क्या है और इसमें क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है;

(ख) क्या सरकार को उक्त निधि के अंतर्गत वित्तीय सहायता की मांग करने से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई किए जाने में विलंब एवं उक्त विलंब के कारण रोगियों की मृत्यु हो जाने से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) आवेदनों पर समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु उठाए गए/उठाए जाने हेतु प्रस्तावित सुधारात्मक कदम क्या हैं?

**केरल में ज़ीका वायरस के मामले**

**†*275. श्री हिबी ईडन :**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास केरल में ज़ीका वायरस का पता चलने से संबंधित मामलों का डेटा है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और राज्य में ज़ीका वायरस के अब तक सूचित मामलों की संख्या कितनी है?

**कैदियों के लिए कोविड टीकाकरण**

**†*276. श्रीमती अपराजिता सारंगी :**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ऐसे कैदियों की संख्या से संबंधित डेटा रखती है जिनका कोविड-19 टीकाकरण हो चुका है;

(ख) यदि हां, तो विशेषकर ओडिशा सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार कारागारों में कैदियों की वर्तमान संख्या के दृष्टिगत कैदियों का शीघ्र संपूर्ण टीकाकरण करने हेतु कोई कार्यनीति बनाने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और टीकाकरण प्रक्रिया को कब तक पूरा कर लिया जाएगा;

(ङ) क्या सरकार ने कैदियों के टीकाकरण के संबंध में राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को कोई परामर्शी अधिसूचनाएं भेजी हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**हर्बल उद्यान**

**†*277. श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले :**
**श्री तेजस्वी सूर्या :**

क्या **आयुष** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का कोई प्रस्ताव कर्नाटक में प्रमुख औषधीय पौधों वाले जड़ी-बूटी उद्यान (हर्बल गार्डन) विकसित करने का है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) देश में हर्बल उद्यानों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार सूची क्या है;

(घ) क्या सरकार जड़ी-बूटी की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को कोई प्रोत्साहन दे रही है और इस संबंध में सरकारी-निजी भागीदारी मॉडल अपनाने पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इसके लिए किस प्रकार की सहायता प्रदान की जा रही है और तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**कोविड-19 के लिए विशेष स्वास्थ्य पैकेज**

**†*278. श्री कौशलेन्द्र कुमार :**

†मूल अंग्रेजी में

**श्री सत्यदेव पचौरी :**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कोविड-19 वैश्विक महामारी की अवधि के दौरान अब तक तिथि एवं राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी धनराशि के विशेष स्वास्थ्य पैकेजों की घोषणा की गई और कितनी धनराशि जारी की गई;

(ख) उक्त पैकेजों से उपयोग में लाई गई धनराशि और उससे मिले परिणामों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ये विशेष पैकेज ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य अवसंरचना को बढ़ाने एवं सुदृढ़ करने हेतु पर्याप्त हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम**

**†*279. श्री जयदेव गल्ला :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के अंतर्गत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं;

(ख) वर्ष 2019-2021 और वर्ष 2019 से पूर्व की अवधि के मध्य दर्ज किए गए पीएम 2.5 एवं पीएम 10 में कमी लाने के लिए एनसीएपी में विनिर्दिष्ट लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में कितनी प्रगति हुई है एवं इस संबंध में निगरानी करने के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने मीटर संस्थापित किए गए हैं;

(ग) क्या एनसीएपी के लिए वर्ष 2020-21 के बजट में 4,400 करोड़ रुपये के पैकेज की घोषणा की गई थी;

(घ) यदि हां, तो धनराशि के उपयोग और विभिन्न प्रचालन लागतों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने समय-सीमा कम करने, लक्ष्यों को बढ़ाए जाने, ई-वाहनों/सीएनजी वाहनों का इस्तेमाल किए जाने, सार्वजनिक यातायात प्रणाली को सशक्त बनाने, सड़कों की मशीनों से साफ-सफाई, लोगों के लिए पार्किंग सुविधाओं को बढ़ाने, ईंधन की गुणवत्ता को बढ़ाने और यातायात प्रबंधन सहित बेहतर परिणामों के लिए एनसीएपी में संशोधन किए जाने के संबंध में राष्ट्रीय हरित अधिकरण के सुझावों पर कार्रवाई की है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**रेल परियोजनाओं के लिए पर्यावरण संबंधी मंजूरी**

**†*280. श्री एम.के. राघवन :**
**एडवोकेट अदूर प्रकाश :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राज्य सरकारों को अवसंरचना से संबंधित बड़ी परियोजनाओं को निष्पादित करने के लिए पर्यावरण संबंधी मंजूरियां लेनी होती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या केरल राज्य सरकार ने अपनी 'सिल्वरलाइन' रेल परियोजना के लिए पर्यावरण संबंधी मंजूरी मांगी है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

**नई दिल्ली;**
31 *जुलाई*, 2021
9 श्रावण, 1943 (शक)

**उत्पल कुमार सिंह**
महासचिव

†मूल अंग्रेजी में

## अनुक्रमणिका
(मंत्रालय-वार)


| | | |
|---|---|---|
| आयुष | : | 277 |
| पृथ्वी विज्ञान | : | 263, 270, 272 |
| पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन | : | 262, 271, 279, 280 |
| स्वास्थ्य और परिवार कल्याण | : | 261, 264, 267, 274, 275, 276, 278 |
| सूचना और प्रसारण | : | 269 |
| विज्ञान और प्रौद्योगिकी | : | |
| वस्त्र | : | 273 |
| महिला और बाल विकास | : | 265, 266, 268. |

# लोक सभा

---

## लिखित उत्तर हेतु प्रश्न-सूची

**शुक्रवार, 6 अगस्त, 2021/15 श्रावण, 1943 (शक)**

---

**(आयुष; पृथ्वी विज्ञान; पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन; स्वास्थ्य और परिवार कल्याण; सूचना और प्रसारण; विज्ञान और प्रौद्योगिकी; वस्त्र; महिला और बाल विकास मंत्रालय)**

---

**कुल प्रश्न संख्या 230**

**गुजरात में कोविड-19 टीकाकरण पर व्यय**

**2991. श्री नारणभाई काछड़िया:**
**श्रीमती गीताबेन वी. राठवा:**
**श्री परबतभाई सवाभाई पटेल:**
**श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा कोविड-19 के टीकाकरण पर गुजरात सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ख) कोविड-19 के लिए परीक्षण क्षमता और उपचार का गुजरात सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) गुजरात में जनजातीय या पिछड़े क्षेत्रों में टीकाकरण अभियान की गति का ब्यौरा क्या है?

**बिजली गिरना**

**†2992. श्री सुधीर गुप्ता:**
**श्री रवि किशन:**
**श्री भगवंत मान:**
**श्री प्रताप राव जाधव:**
**श्री रविन्दर कुशवाहा:**
**श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:**
**एडवोकेट अदूर प्रकाश:**
**श्री बृजेन्द्र सिंह:**
**श्री एस. ज्ञानतिरावियम:**
**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:**
**श्री चंद्र शेखर साहू:**
**श्री विजयकुमार** उर्फ **विजय वसंत:**
**श्री बिद्युत बरन महतो:**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के विभिन्न हिस्सों में बिजली गिरने के मामले बढ़ गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और बिजली गिरने हेतु पहचाने गए अतिप्रवण क्षेत्रों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास देश में बिजली गिरने की घटनाओं की निगरानी करने हेतु कोई तंत्र है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ऐसी कितनी घटनाओं की सूचना मिली है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार बिजली गिरने के कारण कितने व्यक्तियों ने अपनी जान गंवाई और इस कारण हुई संपत्ति की क्षति का ब्यौरा क्या है तथा कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई;

(ङ) क्या सरकार का विचार बिजली गिरने की घटनाओं को भी प्राकृतिक आपदा मानने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) बिजली गिरने की घटनाओं में वृद्धि और जलवायु परिवर्तन के मध्य संभावित आपसी संबंध के बारे में किए गए अध्ययन के परिणाम का ब्यौरा क्या है?

**वन क्षेत्रों में अवैध खनन**

**†2993. श्री पी.पी. चौधरी:**
**श्री अर्जुन लाल मीणा:**
**श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर:**
**श्री सी.पी. जोशी:**

---

†मूल अंग्रेजी में

**श्री संगम लाल गुप्ता:**
**श्री सुनील कुमार सिंह:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को राजस्थान, महाराष्ट्र और झारखंड सहित देश के वन क्षेत्रों में हो रहे अवैध खनन की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत पांच वर्षों के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ऐसी कितनी घटनाओं की सूचना मिली है;

(ग) क्या देश के वन क्षेत्रों में अवैध खनन को रोकने के लिए कोई उपाय किए गए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**मछली और मांस के बाजारों में स्वच्छता के मानक**

**†2994. श्री एस. ज्ञानतिरावियम:**
**श्री विजयकुमार** उर्फ **विजय वसंत:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देशभर के मछली और मांस के बाजारों में स्वच्छता के मानक गिर रहे हैं जिससे मानव जीवन के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या एफएसएसएआई देश की मछली और मांस की दुकानों की स्वच्छता रेटिंग शुरू करने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रहा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

**उत्पादों के लेबल को विनियमित करना**

**†2995. श्री सप्तगिरी शंकर उलाका:**
**डॉ. मोहम्मद जावेद:**
**श्री संतोख सिंह चौधरी:**
**डॉ. अमर सिंह:**
**श्री बैन्नी बेहनन:**
**श्री के. मुरलीधरन:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का उत्पादों के लेबल को विनियमित कर उन पर पशुओं और उनमें इस्तेमाल किए गए पशुओं के उप-उत्पादों के घटकों तथा ऐसे घटक, जिनका पशुओं पर परीक्षण किया गया है के बारे में बताने को अनिवार्य करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**जनसंख्या वृद्धि को रोकने के उपाय**

**†2996. श्री ए. गणेशमूर्ति:**
**श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश की कुल जनसंख्या कितनी है, राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में गत पांच वर्षों के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार जनसंख्या में वृद्धि की दर क्या रही है;

(ख) सरकार द्वारा गत पांच वर्षों में जनसंख्या की वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए कदमों और इस कार्य के लिए आबंटित, जारी की गई और उपयोग में लाई गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सत्य है कि इस संबंध में उठाए गए विभिन्न कदमों के बावजूद सरकार जनसंख्या में वृद्धि को प्रभावी तरीके से नियंत्रित करने में असफल रही है;

(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है;

(ङ) क्या यह सच है कि कुछ राज्य जनसंख्या वृद्धि की दर को प्रतिस्थापन के स्तर से भी नीचे ले जाने में सफल रहे हैं;

(च) यदि हां, तो क्या सरकार इन राज्यों को वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में पुरस्कृत करना चाहती है; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**घरेलू हिंसा के मामले**

**2997. श्री अजय कुमार मंडल:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अंतर्गत अधिसूचित मामलों का छह महीनों के भीतर निपटान किए जाने हेतु कोई निदेश जारी किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

---

†मूल अंग्रेजी में

(ग) बिहार सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ऐसे मामलों की संख्या कितनी है जो छह महीनों से अधिक समय से लंबित हैं?

**सोन बील का संरक्षण**

**†2998. श्री कृपानाथ मल्लाह:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि सर्दियों के मौसम में सोन बील चावल की खेती के लिए पर्वतीय खेत और प्रवासी पक्षियों के लिए एक अभयारण्य बन जाता है जबकि मार्च से यह प्राकृतिक झील बन जाती है जिसकी मिट्टी और पानी नैसर्गिक रूप से मत्स्य प्रजनन के लिए उपयुक्त होते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या एशिया के इस सबसे बड़े नैसर्गिक मत्स्यन क्षेत्र सोन बील झील में खाने के लिए प्रवासी पक्षियों के मारने के बारे में सरकार को जानकारी है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए है;

(घ) क्या सरकार ने सोन बील झील के विकास और संरक्षण के लिए योजना बनाई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**जनसंख्या नियंत्रण के लिए सख्त प्रावधान**

**†2999. श्री एम. बदरुद्दीन अजमल:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को 'दो संतान' नीति का अनुसरण नहीं करने वाले लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के प्रावधानों के साथ जनसंख्या नियंत्रण उपाय करने के लिए असम सहित राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्रस्ताव मिले हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या जागरूकता और शिक्षा अभियानों की तुलना में ऐसे प्रावधान जनसंख्या नियंत्रण में अधिक प्रभावी सिद्ध होंगे;

(ग) इस संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है; और

(घ) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इस तरह के सख्त प्रावधान/कानून चीन में विभिन्न स्तरों पर विफल हो गए और इसे अपनी नीति बदलने के लिए बाध्य होना पड़ा और यदि हां, तो इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है?

**शहरी वन प्रबन्ध**

**†3000. श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने शहरी वन प्रबन्ध के संबंध में कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने देशभर में शहरी जगहों में वनों की 'मियावाकी' तकनीक को प्रोत्साहित करने के लिए कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) पूरी दिल्ली में शहरी क्षेत्रों में हरित क्षेत्र को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**परिवार नियोजन कार्यक्रम**

**3001. श्री अरुण कुमार सागर:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ग्रामीण जनसंख्या में परिवार नियोजन के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में शुरू किए गए कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है और उक्त कार्यक्रमों तथा इस प्रयोजन के लिए दिए गए विज्ञापनों पर कितनी निधियां व्यय की गईं;

(ख) उपर्युक्त अवधि के दौरान जन्म दर में कमी के संबंध में कितनी प्रगति हुई है;

(ग) गत पांच वर्षों के दौरान विशेषकर देश के पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों में नए परिवार नियोजन केंद्रों की स्थापना के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी धनराशि निर्धारित की गई है;

(घ) गत तीन वर्षों के दौरान इस संबंध में निर्धारित और प्राप्त लक्ष्यों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) विगत तीन वर्षों के दौरान परिवार नियोजन के लिए किए गए वित्तीय आवंटन और इसके अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य तथा प्राप्त उपलब्धि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सहायिकाएं**

**†3002. श्री राहुल गांधी:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी सहायिकाओं को उनके द्वारा किए गए अतिरिक्त कोविड संबंधित कार्यों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन लाभ मिल रहे हैं;

†मूल अंग्रेजी में

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मंत्रालय को महामारी के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के खिलाफ हिंसा के संबंध में शिकायतें मिली हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है;

(ङ) क्या देश में बाल विकास परियोजना अधिकारियों (सीडीपीओ) और आंगनबाड़ी महिला पर्यवेक्षकों के पद बड़ी संख्या में रिक्त पड़े हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और रिक्तियों के बैकलॉग को भरने के लिए राज्य-वार क्या उपाय किए गए हैं?

**वनक्षेत्र में कमी**

**3003. श्रीमती संध्या राय:**
**श्री रामचरण बोहरा:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश का वनाच्छादित क्षेत्र लगातार और तेजी से घट रहा है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा इससे निपटने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकार का निजी भूमि को शामिल करके देश के वन क्षेत्रों को बढ़ाने और संरक्षित करने के लिए निजी क्षेत्र को शामिल करने और उनकी भूमिका बढ़ाने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो देश में कार्यान्वित की जा रही ऐसी योजनाओं का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में राजस्थान सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार नीतियों/दिशानिर्देशों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) पिछले तीन वर्षों के दौरान वन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए राज्यों को आवंटित निधि और सहायता का ब्यौरा क्या है और राजस्थान सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार इस सहायता से कितनी सफलता प्राप्त हुई है; और

(च) क्या सरकार का निजी भूमि के बड़े क्षेत्रों में वन विकसित करने वाले लोगों को करों में छूट प्रदान करने और मुआवजा देने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**सार्वजनिक क्षेत्र के टीका विनिर्माता संयंत्रों का उपयोग**

**†3004. डॉ. कलानिधि वीरास्वामी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को ज्ञात है कि देश में कोविड-19 के टीके का अभाव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कारण क्या हैं;

(ख) क्या सरकार को ज्ञात है कि केन्द्र का अत्याधुनिक सार्वजनिक क्षेत्र का टीका विनिर्माता संयंत्र चेन्नई के पास चेंगलपट्टू में स्थित समेकित टीका परिसर (आई.वी.सी.) नौ वर्षों से बेकार पड़ा है और यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को यह भी ज्ञात है कि आई.वी.सी. की प्रतिवर्ष एक अरब टीका उत्पादन की क्षमता है और यह तमिलनाडु के एक बड़े भाग की तथा देश के शेष भाग की भी मांग की पूर्ति कर सकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) कोविड-19 के टीके के लिए इस आई.वी.सी. का उपयोग नहीं किए जाने का कारण क्या है और कोविड-19 टीके के उत्पादन के लिए इसका उपयोग कब तक शुरू किया जाएगा?

**राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी अनुसंधान विश्वविद्यालय**

**†3005. श्री भर्तृहरि महताब:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश में प्रथम राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी अनुसंधान विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और मुख्य विशेषताएं क्या हैं; और

(ग) उक्त विश्वविद्यालय कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

**कोविड-19 के लिए उपलब्ध टीके**

**†3006. श्री बी.वाई. राघवेन्द्र:**
**श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा:**
**श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले:**
**डॉ. उमेश जी. जाधव:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वर्तमान में कोविड-19 के लिए उपलब्ध तथा दिए जा रहे टीके के प्रकारों का ब्यौरा क्या है;

(ख) 45 वर्ष से उपर के तथा 18-44 वर्ष के आयु-वर्ग में कुल कितने लोगों को खुराक-वार/टीका-वार/राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार टीका दिया जा चुका है;

(ग) क्या जिन लोगों को कोवैक्सीन का टीका दिया गया है उन्हें राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार इसकी दूसरी खुराक उपलब्ध है; और

†मूल अंग्रेजी में

(घ) पूरे देश में कोवैक्सीन को उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाए किए जा रहे हैं?

**ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना**

**3007. श्री विष्णु दत्त शर्मा:**
**श्री राजेन्द्र धेड्या गावित:**
**श्री जुगल किशोर शर्मा:**
**श्रीमती गीता कोडा:**
**श्री दिलेश्वर कामैत:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश में ग्रामीण स्वास्थ्य क्षेत्र में व्याप्त असमानता को दूर करने के लिए कोई दीर्घावधि योजना बनाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओ की उपलब्धता के समाधान के संदर्भ में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के बीच के अंतर को समाप्त करने के लिए सरकार द्वारा प्रस्तावित/क्रियान्वित किए जा रहे कार्यक्रमों/योजनाओं/आधुनिक उपचार तरीकों और नैदानिक सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वस्थ्य सुविधाओं की वहनीयता तथा अन्य कारकों जैसे स्वास्थ्य सुविधाओं की सुगम उपलब्धता/अवसंरचना और श्रमशक्ति का तुलनात्मक अध्ययन किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सभी स्तरों पर ग्रामीण स्वास्थ्य की समस्या का समाधान करने तथा देश के ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**जैव विविधता डिजिटल अनुक्रमण सूचना**

**†3008. श्री प्रतापराव जाधव:**
**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:**
**श्री मनोज तिवारी:**
**श्री बिद्युत बरन महतो:**
**श्री सुधीर गुप्ता:**
**श्री चन्द्र शेखर साहू:**
**श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:**
**श्री सुब्रत पाठक:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण ने गैर-लाभ अर्जक संगठनों/विश्वविद्यालयों के साथ जैवविविधता डिजिटल अनुक्रमण सूचना को मजबूत करने के लिए किसी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या जेड.एस.आई. देश में डी.एन.ए. बारकोड के सबंध में सूचनाओं को मजबूत कर रहा है तथा विषाक्तता से संबंधित सवालों का हल खोज रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान जेड.एस.आई. द्वारा आवंटित/जारी की गई/उपयोग की गई राशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान जेड.एस.आई. को अपने कार्य निष्पादन में बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक/उपचारात्मक कार्रवाई की गई है?

**कोविड केयर के लिए सी.जी.एच.एस. अवसंरचना का उपयोग**

**†3009. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:**
**डॉ. सुकान्त मजूमदार:**
**श्री विनोद कुमार सोनकर:**
**श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या):**
**श्री राजा अमरेश्वर नाईक:**
**श्री भोला सिंह:**
**डॉ. जयंत कुमार राय:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में कोविड-19 महामारी के दौरान स्वास्थ्य उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवा योजना (सी.जी.एच.एस.) अवसंरचना का उपयोग किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) राज्य-वार ऐसे कार्यरत सी.जी.एच.एस. अस्पतालों/ डिस्पेंसरियों का ब्यौरा क्या है जिन्हें समर्पित कोविड केयर सेंटर के रूप में उपयोग किया गया;

(घ) क्या सी.जी.एच.एस. में कर्मचारियों की कमी है और यह डॉक्टर सहित पैरामेडिक्स स्टॉफ सहित संविदा के कर्मचारियों के माध्यम से काम कर रहा है और यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ङ) क्या सरकार ने सी.जी.एच.एस. के प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा तथा परिणाम क्या हैं; और

†मूल अंग्रेजी में

(च) संसद सदस्यों और केंद्रीय सरकारी कर्मचारी को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा और स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**अस्थमा के रोगी**

**†3010. श्री रमेश बिधूड़ी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि देश में अस्थमा और अन्य गंभीर श्वसन रोगों से पीड़ित रोगियों की संख्या में चिंताजनक रूप से वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा ऐसे रोगियों को पर्याप्त चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराने और इस संबंध में जन जागरूकता पैदा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**आयोडीन की कमी से होने वाले विकार**

**†3011. श्री गजानन कीर्तिकर:**
**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:**
**श्री धनुष एम. कुमार:**
**श्री गौतम सिगामणि पोन:**
**श्री जी. सेल्वम:**
**श्री सी.एन. अन्नादुरई:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आयोडीन की कमी से होने वाले विकारों (आईडीडी) से पीड़ित लोगों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार का देश में आईडीडी मामलों को कम करने का कोई लक्ष्य है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार राष्ट्रीय आयोडीन न्यूनता विकार नियंत्रण कार्यक्रम (एनआईडीडीसीपी) को लागू कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी स्थापना के बाद से आयोडीन की कमी को नियंत्रित करने में एनआईडीडीसीपी द्वारा क्या उपलब्धि हासिल की गई है;

(घ) महिलाओं में आयोडीन की कमी को नियंत्रित करने में सरकार के सामने आने वाली चुनौतियों के साथ-साथ महिलाओं में थायराइड विकारों विशेषरूप से हाइपोथायरायडिज्म से संबंधित विकारों को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं; और

(ङ) क्या सरकार ने विश्व आयोडीन न्यूनता दिवस भी मनाया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**कोरोना वायरस का प्राथमिक संचरण मार्ग**

**†3012. श्री मारगनी भरत:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने 'द लैंसेट' में हाल के प्रकाशन का संज्ञान लिया है, जो यह दर्शाता है कि इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि कोरोना वायरस का प्राथमिक संचरण मार्ग वायुजनित है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश में दूसरी लहर कोविड-19 वायरस के वायुजनित संचरण के कारण हुई है, यदि हां, तो सरकार द्वारा राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के समन्वय से इस संबंध में किए गए जन स्वास्थ्य उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा के छह विशेषज्ञों ने कुछ ऐसे सबूतों की पहचान की है जो वायु के माध्यम से कोरोना वायरस के प्रसार का समर्थन करते हैं;

(घ) यदि हां, तो ऐसे साक्ष्य का ब्यौरा क्या है और सरकार का विचार किस तरह से आगे की योजना बनाने का है; और

(ङ) तीसरी लहर के बारे में सरकार का आकलन क्या है?

**सक्रिय फॉल्ट मैपिंग अध्ययन**

**†3013. श्री बेल्लाना चन्द्रशेखर:**
**श्रीमती चिंता अनुराधा:**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर के साथ कोई सक्रिय फॉल्ट मैपिंग अध्ययन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उपग्रह इमेजरी के विश्लेषण के आधार पर देखे गए सक्रिय फॉल्ट के सिगनैचरों का ब्यौरा क्या है और ऐसे स्थानों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उपग्रह डेटा से पहचानी गई विशेषताओं को मान्य करने के लिए ऐसे सभी स्थलों पर भूवैज्ञानिक क्षेत्र सर्वेक्षण या ग्राउंड टूथिंग शुरु किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या एमटी सर्वेक्षण (दोषों का अभिविन्यास, विस्तार और गहराई) के माध्यम से उत्पन्न परिणामों का उपयोग अस्पतालों, स्कूलों, औद्योगिक इकाइयों और अन्य भवनों के भविष्य के भूकंप-प्रतिरोधी डिजाइन के लिए किया जा सकता है; और

†मूल अंग्रेजी में

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**पीएम-जेएवाई योजना के अंतर्गत कोविड रोगियों का उपचार**

**†3014. श्री केसिनेनी श्रीनिवास:**
**सुश्री एस. जोतिमणि:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वित्तीय वर्ष 2019-2020 और 2020-2021 के लिए आयुष्मान भारत मिशन के पीएम-जेएवाई कार्यक्रम के तहत देश भर में कोविड-19 और गैर-कोविड-19 रोगों का इलाज प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ख) आयुष्मान भारत मिशन के पीएम-जेएवाई कार्यक्रम के तहत कोविड-19 और गैर-कोविड-19 रोगों के लिए आवंटित और उपयोग किए गए कुल बजट का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) जनवरी 2020 से 30 जून, 2021 तक पीएम-जेएवाई योजना के तहत पंजीकृत व्यक्तियों की संख्या राज्य-वार और वर्ष-वार कितनी है;

(घ) आयुष्मान भारत के तहत शुरू से अब तक निजी अस्पतालों में इलाज प्राप्त करने वाले दलितों, आदिवासी परिवारों और महिलाओं की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार सूची क्या है; और

(ङ) पीएम-जेएवाई के तहत पंजीकरण में सुधार के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का ब्यौरा क्या है?

**वनक्षेत्रों में खनन पट्टा**

**†3015. श्री एस. रामलिंगम:**
**श्री ए. गणेशमूर्ति:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय ने हाल ही में वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत नई वन मंजूरी के लिए आवेदन किए बिना पिछले पट्टा धारकों से नए खनन पट्टों को हस्तांतरित करने के लिए खनन परमिट हेतु एक नया प्रावधान किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त खनन परमिट में ऐसा नया प्रावधान करने के कारण, उद्देश्य और मंशा क्या है;

(ग) क्या उनके मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा है कि वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत नए खनन पट्टे के अनुमोदन का हस्तांतरण केवल ऐसी कंपनियों द्वारा कतिपय शर्तों को पूरा करने के बाद ही किया जा सकता है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) आज की तिथि के अनुसार, वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत नई वन मंजूरी के लिए आवेदन किए बिना पिछले पट्टा धारक से नए खनन पट्टों को हस्तांतरित किए गए खनन परमिटों की कुल संख्या राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी है?

**महिलाओं और बच्चों में कुपोषण**

**3016. श्री अरूण साव:**
**श्री विजय बघेल:**
**श्री सुनील कुमार सोनी:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य में कुपोषण की दर क्या रही;

(ख) देश में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण की रोकथाम करने के लिए कार्यान्वित की जा रही योजनाओं/कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान छत्तीसगढ़ सहित देश में ऐसे कार्यक्रमों के लिए राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार तथा योजना-वार कितना बजट आवंटित किया गया है;

(घ) क्या सरकार ने देश में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण की रोकथाम करने के लिए क्रियान्वित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के लिए बजट आवंटन में कमी की है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(च) सरकार द्वारा महिलाओं और बच्चों में कुपोषण की रोकथाम करने के लिए अन्य क्या प्रयास किए गए हैं/किए जा रहे हैं?

**निजी अस्पतालों द्वारा बेचे गए कोविड के टीके**

**†3017. श्रीमती हरसिमरत कौर बादल:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को पंजाब के निजी अस्पतालों द्वारा नि:शुल्क वितरण/टीकाकरण के लिए उन्हें दिए गए कोविड टीकों को बेचने के संबंध में शिकायतें मिली हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार ऐसी परिस्थितियों की जांच करने का है जिनके फलस्वरूप गंभीर कृत्य कारित हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

---

†मूल अंग्रेजी में

**वस्त्र उद्योग में निवेश**

**3018. श्रीमती रंजीता कोली:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान में हथकरघा और हस्तशिल्प सहित वस्त्र उद्योग में किए गए कुल निवेश का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इस समय कार्यशील वस्त्र उद्योगों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का विचार राजस्थान के रुग्ण उद्योगों का पुनरुद्धार करने का है और यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन उद्योगों का पुनरुद्धार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**सत्यम कार्यक्रम**

**†3019. श्री पी. रविन्द्रनाथ:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय 'संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए योग' तथा योग के विभिन्न पहलुओं को सम्यक रूप से बढ़ावा देने तथा पोस्ट कोविड-19 प्रबंधन नयाचार के अंगीकृत मापदंडों के साथ इसके सहयोग को दर्शाने वाले विषय पर काम कर रहा है;

(ख) गत दो वित्तीय वर्षों के दौरान संज्ञेय विज्ञान अनुसंधान पहल के अंतर्गत उनके मंत्रालय द्वारा योग और ध्यान कार्यक्रम की विज्ञान और प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है?

**जीन संवर्धित गेहूं और चावल की खेती**

**†3020. श्री रितेश पाण्डेय:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय जीन संवर्धित गेहूं तथा चावल की वाणिज्यिक खेती के पक्ष में है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या मंत्रालय के पास जीएम गेहूं तथा चावल के सेफ्टी टेस्ट के संबंधित पर्याप्त सूचना तथा आंकड़े हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**पोषण योद्धा**

**3021. श्री प्रदीप कुमार सिंह:**
**श्रीमती रंजनबेन भट्ट:**
**श्री बालक नाथ:**
**श्री सुमेधानन्द सरस्वती:**
**श्री अशोक कुमार रावत:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या धनाभाव तथा गरीबी की व्याप्तता के कारण पोषण खाद्य पदार्थ न मिलने की वजह से राजस्थान और बिहार सहित संपूर्ण देश में कुपोषण जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं और यदि हां, तो राजस्थान और बिहार सहित तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान संपूर्ण देश के कुपोषण पीड़ित बच्चों और महिलाओं का राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार प्रतिशत कितना है;

(ग) सरकार द्वारा गत दो दशकों के दौरान अल्प-पोषण तथा कुपोषण से निपटने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और इस संबंध में सरकार द्वारा शुरू किए गए कार्यक्रमों और योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का विचार 2022 तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता या आशा कार्यकर्ता एएनएम, प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या कार्यकर्ता को पोषण योद्धा बनाकर पोषण कार्यक्रम को एक जन आंदोलन बनाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्सर्जन स्तर संबंधी समय-सीमा**

**†3022. श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी:**
**श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी:**
**श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी:**
**श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार उत्सर्जन स्तर अथवा जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों पर किसी समय-सीमा के लिए प्रतिबद्ध है और हमेशा जलवायु के संरक्षण के लिए जिम्मेदार रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारत सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और उसने निवेश जुटाने में मदद करने, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करने और हरित सहयोग के लिए "भारत-अमेरिका जलवायु और स्वच्छ ऊर्जा एजेंडा, 2030 साझेदारी" नामक संयुक्त अमेरिका-भारत प्रयास के लिए समर्थन दोहराकर एक ऐसा कोष बनाया है जो स्वच्छ प्रौद्योगिकी को अपनाकर जलवायु की रक्षा करने में अन्य विकासशील देशों की सहायता करेगा; और

†मूल अंग्रेजी में

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा अब तक क्या प्रगति हुई है और किस भावी कार्य-योजना को अंतिम रूप दिया गया है?

**हस्तशिल्प विकास आयुक्त का क्षेत्रीय कार्यालय**

**†3023. श्रीमती मंजुलता मंडल:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राज्य की हस्तशिल्प क्षमता को ध्यान में रखते हुए भुवनेश्वर में विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) का क्षेत्रीय कार्यालय और कोरापुट, ओडिशा में सहायक निदेशक का कार्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**राष्ट्रीय आयुष मिशन**

**†3024. श्री बी.बी. पाटील:**
**श्रीमती जसकौर मीना:**
**श्री विजयकुमार** उर्फ **विजय वसंत:**
**श्री एस. ज्ञानतिरावियम:**
**श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह:**
**कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल:**
**श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे:**
**श्री मनोज कोटक:**
**श्री अशोक महादेवराव नेते:**

क्या **आयुष** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) का विवरण, लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) देश में विशेषकर राजस्थान और महाराष्ट्र में एनएएम के कार्यान्वयन की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या राष्ट्रीय आयुष मिशन को जारी रखने के लिए सरकार के पास कोई प्रस्ताव विचाराधीन है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और केन्द्र और राज्यों के बीच व्यय की क्या हिस्सेदारी है;

(ङ) क्या उक्त मिशन के अंतर्गत कोई लक्ष्य निर्धारित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) आयुष विभाग में रिक्त पड़े विभिन्न श्रेणियों के पदों का ब्यौरा क्या है; और

(छ) उन प्रशिक्षित आयुष कार्यकर्ताओं का ब्यौरा क्या है जो समय-समय पर स्वास्थ्य सेवाओं में स्वयंसेवकों के रूप में काम करते हैं?

**छत्तीसगढ़ में वस्त्र इकाइयों का विकास**

**3025. श्री विजय बघेल:**
**श्री सुनील कुमार सोनी:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) छत्तीसगढ़ में वस्त्र इकाइयों के विकास के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान मंत्रालय द्वारा कितनी राशि आवंटित की गई है;

(ख) वर्तमान में संचालित लाभार्थी वस्त्र इकाइयों और बंद की गई इकाइयों की संख्या कितनी है;

(ग) इन इकाइयों को बंद करने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) छत्तीसगढ़ में इन इकाइयों के पुनरुद्धार के लिए सरकार द्वारा बनाई गई योजना का ब्यौरा क्या है?

**मातृ-मृत्यु दर की जांच हेतु कार्य बल**

**3026. श्री मोहनभाई कुंडारिया:**
**श्री दीपसिंह शंकरसिंह राठौड़:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने मातृत्व-आयु से संबंधित मामलों की जांच करने के लिए एक कार्य बल का गठन किया है, जिसका संबंध मातृ-मृत्यु अनुपात को कम करने, पोषण स्तर में सुधार और संबंधित मुद्दों से है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बाल श्रम के खिलाफ आंदोलन को जन आंदोलन बनाने की जरूरत है; और

(घ) यदि हां, तो इसे किस प्रकार से जन आंदोलन बनाए जाने की संभावना है?

**कर्नाटक में मेडिकल कॉलेजों का उन्नयन/आधुनिकीकरण**

**†3027. श्री कराडी सनगन्ना अमरप्पा:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को कर्नाटक राज्य सरकार से अभिघात परिचर्या केन्द्र (ट्रॉमा केयर सेंटर) स्थापित करने और मेडिकल कॉलेजों के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए कई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

---

†मूल अंग्रेजी में

(ग) उक्त अवधि के दौरान सरकार द्वारा इस तरह के प्रस्तावों पर कितनी प्रगति हुई और इस प्रयोजन हेतु प्रस्ताव-वार कितनी धनराशि जारी की गई; और

(घ) उक्त कितने प्रस्ताव अनुमोदन के लिए सरकार के पास लंबित हैं और इस संबंध में क्या आवश्यक कदम उठाए गए हैं?

**अप्रयुक्त टीकों का पुर्नाबंटन**

**†3028. श्री एन. रेड्डप्प:**
**श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जनवरी, 2021 से 75:25 फॉर्मूले के अंतर्गत सरकारी केन्द्रों और निजी अस्पतालों को आवंटित और जारी किए गए कोविशील्ड और कोवैक्सिन टीकों का माह-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या जारी किए गए टीकों का उपयोग सार्वजनिक और निजी सुविधाओं द्वारा प्रत्येक माह के अंत तक पूर्ण सीमा तक किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या निजी अस्पताल अपने मासिक कोटे का पूरा उपयोग करने में सक्षम नहीं हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार निजी अस्पतालों से अप्रयुक्त टीकों के ऐसे कोटे को संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के सरकारी टीकाकरण केंद्रों को दैनिक या मासिक आधार पर टीकों के इष्टतम उपयोग के लिए पुन: आवंटित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं; और

(ङ) सरकार का सभी नागरिकों को कम से कम टीकाकरण की एक खुराक देने का लक्ष्य कब तक पूरा करने का प्रस्ताव है?

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना**

**†3029. श्री बंदी संजय कुमार:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों में तेलंगाना राज्य को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिले-वार कितनी राशि स्वीकृत और जारी की गई है;

(ख) क्या स्वीकृत योजना से किसी अन्य योजना के लिए निधियों का विपथन पाया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) भविष्य में ऐसे विपथन को रोकने के लिए कौन-कौन से उपाय किये जाने पर विचार किया जा रहा है?

**उच्च रक्तदाब/उच्च रक्तचाप की रोकथाम और नियंत्रण**

**†3030. श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:**
**श्री दीपक बैज:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में उच्च रक्तदाब/उच्च रक्तचाप की रोकथाम और नियंत्रण के लिए कोई राष्ट्रीय कार्य योजना शुरू की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है और उपचार के अनुपालन और नियंत्रण के लिए प्राप्त सफलता का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना, जिसका लक्ष्य 2020 तक उच्च रक्तदाब/उच्च रक्तचाप के मामलों के प्रसार में 10 प्रतिशत की कमी लाना है, प्राप्त कर ली गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि उच्च रक्तदाब/उच्च रक्तचाप निम्न आयु समूहों/युवा लोगों में फैल रहा है जिससे हृदय रोग जैसी दीर्घकालिक स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं उत्पन्न हो रही हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं, एवं मामलों में लक्षित कमी लाने के लिए जन जागरूकता का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यह सुनिश्चित करने के लिए कौन-कौन से अतिरिक्त उपाय किए गए हैं कि उच्च रक्तदाब/उच्च रक्तचाप, जो कि कोविड की एक प्रमुख सह-रुग्णता है, के मरीजों को उपचार को प्राथमिकता दी जाए और प्रभावित लोगों द्वारा नियमित उपचार के अनुपालन और निरंतरता में और सुधार करने के लिए क्या उपाय किये गए हैं?

**निजी अस्पतालों में गरीबों को मुफ्त इलाज**

**3031. श्री संजय भाटिया:**
**श्री मितेष पटेल (बकाभाई):**
**सुश्री सुनीता दुग्गल:**
**श्रीमती शारदा अनिल पटेल:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मौजूदा मानदंडों के अनुसार निजी अस्पतालों के ओ.पी.डी. में गरीबों के मुफ्त इलाज के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) निजी अस्पतालों द्वारा उपरोक्त प्रावधान के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने या सत्यापित करने के लिए सरकार द्वारा बनाई गई प्रणाली का ब्यौरा क्या है;

†मूल अंग्रेजी में

(घ) क्या सरकार द्वारा निर्धारित प्रावधानों या मानदंडों के उल्लंघन के मामले में निजी अस्पतालों के लाइसेंस रद्द करने का कोई प्रावधान है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और चूककर्ता अस्पताल के विरुद्ध राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार क्या दंडात्मक कार्रवाई की गई है?

**कुपोषित महिलाएं और बच्चे**

**†3032. श्री भगवंत मान:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों के दौरान पंजाब राज्य में कुपोषित महिलाओं और बच्चों की संख्या में वृद्धि का ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या कुपोषण का पता लगाने के लिए अपनायी गयी त्रुटिपूर्ण पद्धति के कारण कुपोषण के मामलों का पता नहीं लग पाया है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) राज्य में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण को कम करने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का ब्यौरा क्या है?

**एनएचएम के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला योजना**

**†3033. डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:**
**डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:**
**श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:**
**श्री रतनसिंह मगनसिंह राठौड़:**
**डॉ. सुभाष रामराव भामरे:**
**श्री कुलदीप राय शर्मा:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला योजना शुरू करने के पीछे सरकार का मुख्य उद्देश्य क्या है;

(ख) उन राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के नाम क्या हैं जहां पिछले तीन वर्षों के दौरान एनएचएम के तहत स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया है एवं इससे लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ऐसे स्वास्थ्य मेला के आयोजन के लिए राज्यों को धन उपलब्ध कराती है;

(घ) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष में से प्रत्येक के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार आवंटित/जारी/उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का विचार विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों विशेषकर महाराष्ट्र में ऐसे और अधिक मेलों का आयोजन करने का है; और

(च) यदि हां, तो जिला-वार और ब्लॉक स्तर-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**महासागरीय संसाधनों के लिए सतत विकास लक्ष्य**

**3034. श्री नरेन्द्र कुमार:**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने महासागरीय संसाधनों के सतत उपयोग और संरक्षण के लिए सतत विकास लक्ष्य निर्धारित किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान उक्त प्रयोजनार्थ राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी निधि आबंटित की गई है?

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र**

**†3035. डॉ. हिना विजयकुमार गावीत:**
**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:**
**डॉ. निशिकांत दुबे:**
**श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल:**
**श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:**
**डॉ. सुजय विखे पाटील:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या केंद्रों (पी.एच.सी.) की दक्षता को अधिकतम करने से अत्यधिक धन की बचत होगी;

(ख) यदि हां, तो देश में प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या को सुदृढ़ करने के लिए क्या कदम उठाए जाने का प्रस्ताव है;

(ग) क्या 2022 तक न्यू इंडिया विज़न को साकार करने के लिए गांव/पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए कोई ठोस योजना बनाई जा रही है, चूंकि ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवा बहुत खराब है;

(घ) देश में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सी.एच.सी.) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पी.एच.सी.) की महाराष्ट्र और झारखंड सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ङ) क्या देश में पी.एच.सी. की दक्षता का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन किया गया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

†मूल अंग्रेजी में

**प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या सेवा को सुदृढ़ बनाना**

**3036. श्री राहुल कस्वां:**
**श्री सुनील कुमार पिन्टू:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा नेटवर्क को मजबूत करने के लिए कोई कदम उठाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की सार्वभौमिक स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने की योजना है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब से लागू किए जाने की संभावना है; और

(घ) सरकार द्वारा अस्पतालों में विशेष रूप से मेट्रो शहरों में भर्ती के समय अत्यधिक खर्च किए जाने की समस्या के समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**कोविड-19 पूर्वानुमान संबंधी परियोजनाएं शुरू करना**

**†3037. श्रीमती माला राय:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा अब तक कोविड-19 पूर्वानुमान के संबंध में कितने मॉडलिंग अध्ययन परियोजनाएं शुरू की गई; और

(ख) इस परियोजना द्वारा सटीक पूर्वानुमान करने में कितनी सफलता मिली है?

**मौसम का गलत पूर्वानुमान**

**3038. श्री हरीश द्विवेदी:**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि मौसम विज्ञान विभाग द्वारा किया गया पूर्वानुमान गलत/असत्य साबित हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इसे सुधारने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

**कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों के लिए पर्यावरण मानदंड**

**†3039. श्री जुएल ओराम:**
**डॉ. टी. सुमति (ए) तामिझाची थंगापंडियन:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय ने कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों (टी.पी.पी.) के लिए संशोधित पर्यावरण मानदंड शुरु किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कई टी.पी.पी. 2015 से लागू संशोधित पर्यावरण मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं;

(ग) यदि हां, तो अनुपालन करने वाले और अनुपालन नहीं करने वाले टी.पी.पी. का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या मंत्रालय इन मानकों का अनुपालन करने के लिए टी.पी.पी. के लिए समय-सीमा बढ़ाता रहता है और यदि हां, तो अब तक किए गए सभी समय-सीमा विस्तारों का ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या मंत्रालय ने संशोधित मानकों का पालन किए बिना इन टी.पी.पी. के निरंतर प्रचालन के कारण पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव का आकलन किया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और पर्यावरणीय मानदंडों में संशोधन के बाद से इन टी.पी.पी. द्वारा किए गए सुधारात्मक उपाय क्या हैं?

**कोरोना वैक्सीन के परीक्षण के लिए प्रयोगशाला**

**3040. श्रीमती जसकौर मीना:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पूरे देश में कितनी प्रयोगशालाओं में कोविड-19 का परीक्षण किया जा रहा है;

(ख) क्या सरकार ने देश में कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम में तेजी लाने के लिए और अधिक प्रयोगशालाओं में परीक्षण सुविधाएं विकसित की हैं अथवा विकसित करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) इसके कब तक आरंभ होने की संभावना है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**वस्त्र क्षेत्र के लिए विशेष पैकेज**

**3041. श्री कृष्णपालसिंह यादव:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय का घरेलू वस्त्र क्षेत्र में वस्त्र/परिधान हेतु भी विशेष पैकेज देने का विचार है;

†मूल अंग्रेजी में

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विशेष पैकेज में इसकी हिस्सेदारी कितनी है; और

(ग) इस विशेष पैकेज के वितरण संबंधी प्रक्रिया का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**सीएसआईआर फ्लोरीकल्चर मिशन**

**†3042. श्री अनुराग शर्मा:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार सीएसआईआर फ्लोरीकल्चर मिशन कार्यान्वित कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस मिशन का महत्व क्या है;

(ख) क्या सरकार ने "सीएसआईआर फ्लोरीकल्चर मिशन" के अंतर्गत सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के वैज्ञानिकों को प्रत्येक प्रयोगशाला में उपलब्ध भूमि को एक मॉडल के रूप में विकसित करने के लिए कहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त मिशन के कार्यान्वयन के लिए कितने राज्यों को मंजूरी दी गई है;

(घ) पुष्प कृषि के विकास और आयात आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारतीय किसानों और उद्योग को खुद को पुनर्स्थापित करने में मदद के संबंध में सीएसआईआर का कितना योगदान है; और

(ङ) क्या सरकार ने सीएसआईआर का सोशल पोर्टल भी शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस कदम के उद्देश्य क्या हैं?

**समेकित परिचर्या में होम्योपैथी**

**†3043. श्री परबतभाई सवाभाई पटेल:**
**श्री एस. सी. उदासी:**
**श्री सुमेधानन्द सरस्वती:**
**श्री देवजी पटेल:**
**श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे:**
**श्री नारणभाई काछड़िया:**

क्या **आयुष** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने समेकित परिचर्या में होम्योपैथी के प्रभावी और कुशल समावेशन की दिशा में कोई कार्ययोजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी गुजरात सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा जन स्वास्थ्य के साथ-साथ अनुसंधान में होम्योपैथी के समेकन के लिए भावी रूपरेखा तैयार करने के संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

**अनुसंधान और विकास के लिए आबंटित धनराशि**

**3044. श्री सदाशिव किसान लोखंडे:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में वैज्ञानिकों की संख्या प्रतिवर्ष कम होती जा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) के लिए आवंटित की गई धनराशि का पूर्ण रूप से उपयोग नहीं किया जा रहा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं?

**कोविड-19 वैक्सीन का उत्पादन**

**†3045. श्री पी.सी. मोहन:**
**डॉ. टी. सुमति (ए) तामिझाची थंगापंडियन:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वैक्सीन के विनिर्माण/उत्पादन की कुल क्षमता कितनी है;

(ख) गत वर्ष के दौरान देश में उत्पादित कोविड-19 टीकों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश में कोविड-19 वैक्सीन के उत्पादन में वृद्धि करने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**स्वाधार गृह योजना**

**†3046. श्री भोलानाथ 'बी.पी. सरोज':**
**श्री हेमन्त तुकाराम गोडसे:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

†मूल अंग्रेजी में

(क) क्या सरकार ने उन कठिन परिस्थितियों की शिकार महिलाओं की सहायता के लिए स्वाधार गृह योजना शुरू की है जिनको पुनर्वास के लिए संस्थागत सहायता की आवश्यकता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और योजना के तहत क्या लाभ प्रदान करने का विचार है तथा इसके प्रारंभ से अब तक इसके कार्यान्वयन की स्थिति क्या है;

(ग) क्या केंद्र सरकार द्वारा निधि जारी न किए जाने के कारण कुछ राज्यों विशेषकर उत्तर प्रदेश में स्वाधार योजना के अंतर्गत आवासों का निर्माण रोक दिया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

**लैंगिक हिंसा के पीड़ित**

**†3047. श्री वी.के. श्रीकंदन:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार लैंगिक हिंसा से पीड़ित भारतीय महिलाओं को सहायता प्रदान करने के लिए दुनिया भर में 10 मिशनों में वन स्टॉप सेंटर स्थापित करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि प्रवासी भारतीय महिलाओं से बड़ी संख्या में मिली शिकायतों के मद्देनजर यह प्रस्ताव कार्यान्वित किया जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**मीडिया कर्मियों को अग्रिम पंक्ति का कार्यकर्ता मानना**

**†3048. श्रीमती अपरूपा पोद्दार:**
**श्री टी.एन. प्रथापन:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को उन मीडिया कर्मियों की संख्या के बारे में जानकारी है जो कोविड-19 से संक्रमित हुए हैं और इस बीमारी से जिनकी मौत हो गई और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की मीडिया कर्मियों को अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के दायरे में शामिल करने की योजना है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार का उन मीडिया कर्मियों के लिए वित्तीय सहायता कार्यक्रम/योजनाएं बनाने का विचार है या तैयार कर ली हैं जिनकी आजीविका, स्वास्थ्य और आय कोविड-19 से प्रभावित हुई हैं तथा यदि हां, तो तत्संबंधी पैकेज का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी में संवहनीय नवाचार को प्रोत्साहन**

**†3049. कुमारी राम्या हरिदास:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विद्यार्थियों/युवाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए कोई नीति बनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस क्षेत्र में अब तक क्या उपलब्धियां हासिल की गई हैं; और

(ग) सरकार द्वारा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किफायती और संवहनीय नवाचार को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**तापमान में वृद्धि**

**3050. श्रीमती रंजनबेन भट्ट:**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि बढ़ते तापमान के कारण देश में भयंकर तूफान आते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का देश में तापमान में वृद्धि को रोकने के लिए कोई ठोस और प्रभावी कदम उठाने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में प्रस्तावित समय-सीमा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**वस्त्र कामगारों का ई-कॉमर्स में प्रशिक्षण**

**†3051. श्री चन्देश्वर प्रसाद:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का बिहार के स्थानीय वस्त्र श्रमिकों को ई-कॉमर्स में प्रशिक्षण देकर इंटरनेट से जोड़ने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

**रेडियो सेवाओं का परिचालन**

**†3052. श्री नलीन कुमार कटील:**

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

†मूल अंग्रेजी में

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि रेडियो संचार का एक बहुत महत्वपूर्ण साधन है और यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ख) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि भारत जैसे विशाल देश में भाषा को जीवित रखने के लिए रेडियो एक प्रभावी माध्यम साबित होता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में रेडियो सेवाओं के परिचालन को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं?

**कुपोषण मुक्त भारत**

**3053. श्री जुगल किशोर शर्मा:**
**श्रीमती गीता कोडा:**
**श्री दिलेश्वर कामैत:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पोषण अभियान के अंतर्गत कुपोषण मुक्त भारत सुनिश्चित करने के लिए अंतर-मंत्रालयी अभिसरण मिशन का प्रस्ताव किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का उन राज्यों की नीतियों का अनुकरण करने का विचार है जो अपने-अपने राज्यों में स्वास्थ्य और कुपोषण की स्थिति को सुधारने में सफल रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे राज्यों के नाम क्या हैं?

**खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं**

**†3054. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:**
**श्रीमती क्वीन ओझा:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की संख्या पर्याप्त नहीं है और इनमें कर्मचारियों की संख्या कम हैं जिसके परिणामस्वरूप खाद्य परीक्षण में बाधा उत्पन्न हो रही है और खाद्य पदार्थों में मिलावट की बेतहाशा घटनाओं पर नियत्रंण नहीं हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस मुद्दे के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

**वन क्षेत्र**

**3055. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:**
**श्री देवजी पटेल:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या शहरों में प्रदूषण के बढ़ते स्तर और शहरीकरण के कारण वनाच्छादित क्षेत्र में गिरावट आ रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा गैर-वन भूमि, परिभाषित वन भूमि और सहायता प्राप्त प्राकृतिक पुनरुज्जीवन के अंतर्गत आने वाले वनों पर वनों के संरक्षण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या गुजरात और राजस्थान सहित देश के जनजातीय क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उत्पन्न करने के लिए 'कैम्पा' निधि के अंतर्गत विशेष पैकेज की घोषणा की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल कितनी निधि जारी और उपयोग की गई है;

(घ) क्या 'कैम्पा' निधि पर ग्राम सभा और स्थानीय प्रतिनिधियों की सीधी पकड़ के अभाव में अधिकारियों और वन विभाग द्वारा इसका दुरुपयोग किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का वनीकरण को बढ़ावा देने के लिए पंचायतों और ग्राम सभा को जवाबदेह बनाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**वस्त्र क्षेत्र हेतु उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजना**

**†3056. श्री गिरीश भालचन्द्र बापट:**
**डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:**
**श्री राहुल रमेश शेवाले:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वस्त्र क्षेत्र के भीतर कतिपय खंडों पर विशिष्ट जोर देने की आवश्यकता महसूस की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने वस्त्र क्षेत्र के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) का प्रस्ताव किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने पीएलआई के लिए वस्त्र क्षेत्र के भीतर किन्हीं खंडों की पहचान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

†मूल अंग्रेजी में

(घ) क्या वस्त्र और कपड़ा (टीएंडसी) क्षेत्र का निर्यात अवरुद्ध रहा है और दूसरी ओर आयात में तेजी से वृद्धि हो रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) वस्त्र और कपड़ों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले नुकसान**

**3057. श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह:**
**श्री रामशिरोमणि वर्मा:**
**कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विगत बीस वर्षों के दौरान जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि और अन्य क्षेत्रों को हुए नुकसान का कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उत्तराखंड और बुंदेलखंड सहित देश में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने और रोकने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं और लक्ष्य प्राप्त किए गए हैं?

**बाघों की संख्या में गिरावट**

**†3058. श्री अरविंद सावंत:**
**श्री भर्तृहरि महताब:**
**डॉ. संजय जायसवाल:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने ओडिशा के सतकोसिया बाघ रिजर्व (एसटीआर) सहित देश में बाघों की घटती संख्या पर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा छत्तीसगढ़ सहित देश में वर्तमान में बाघों की राज्य/संघराज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ग) सरकार द्वारा देश में बाघों का संरक्षण करने और अवैध शिकार को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और किन योजनाओं को लागू किया जा रहा है और इस प्रयोजनार्थ ओडिशा सहित विभिन्न राज्यों को राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी निधि उपलब्ध कराई गई है; और

(घ) उक्त प्रयोजन हेतु राज्यों की आवश्यकताओं के अनुसार बाघ संरक्षण योजना के लिए निधियां बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**राष्ट्रीय नर्सिंग और मिडवाइफरी आयोग विधेयक**

**†3059. श्री एंटो एन्टोनी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय नर्सिंग और मिडवाइफरी आयोग विधेयक पेश करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी मुख्य विशेषताएं क्या हैं और इसके क्या कारण हैं;

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या प्रस्तावित विधेयक का राज्य नर्सिंग परिषदों पर कोई प्रभाव पड़ेगा; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**मानसून के दौरान अत्यधिक वर्षा की घटनाएं**

**†3060. श्री रवनीत सिंह:**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में हाल के दशकों में मानसून के दौरान अत्यधिक वर्षा की घटनाओं में तीन गुना वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या हाल ही में हुए एक शोध के अनुसार आर्कटिक में समुद्र की बर्फ पिघलने के कारण भारत में सितंबर में अत्यधिक बारिश हो रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार आर्कटिक महासागर क्षेत्र में समुद्री बर्फ के पिघलने के कारण मौसम के पैटर्न में इस बदलाव का मुकाबला करने के लिए कोई उपाय कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**'पोषण ट्रैकर' एप्लिकेशन**

**†3061. प्रो. अच्युतानंद सामंत:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा 2022 तक बच्चों में बौनापन और रक्ताल्पता को कम करने के लिए निर्धारित लक्ष्य क्या हैं और क्या

†मूल अंग्रेजी में

उक्त लक्ष्य को कोविड-19 महामारी के कारण संशोधित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं (एडब्ल्यू) की खराब वित्तीय स्थिति को देखते हुए 'पोषण ट्रैकर' एप्लिकेशन के उपयोग के लिए मोबाइल फोन और रिचार्ज से संबंधित खर्च का भुगतान किया है या करने की योजना बनाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए स्मार्टफोन पर 'पोषण ट्रैकर' एप्लिकेशन का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षण शिविर स्थापित किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**राष्ट्रीय पोषण मिशन**

**3062. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय पोषण मिशन की स्थापना से लेकर आज की तारीख तक इसके दायरे में की जा रही नीतिगत कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत राज्य-वार कितनी निधि आवंटित और उपयोग की गई है;

(ग) क्या इन वर्षों के दौरान इस मिशन के तहत बिहार को निधि जारी की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**वस्त्र क्षेत्र में एफडीआई**

**†3063. श्रीमती पूनम महाजन:**
**श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान वस्त्र क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के रूप में क्षेत्र-वार और देश-वार कुल कितनी धनराशि प्राप्त हुई है;

(ख) वस्त्र क्षेत्र में एफडीआई के रूप में अधिकतम राशि का निवेश करने वाले देश का ब्यौरा क्या है और उक्त देश ने कितनी धनराशि निवेश की है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान एफडीआई अंतर्वाह के माध्यम से सृजित नई नौकरियां, यदि कोई हों, का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) इस क्षेत्र के समग्र विकास पर एफडीआई का क्या प्रभाव पड़ा है; और

(ङ) सरकार द्वारा एफडीआई के माध्यम से प्राप्त निधि का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने और वस्त्र क्षेत्र में कारीगरों, बुनकरों और मजदूरों आदि के हितों की रक्षा के लिए क्या प्रयास किए गए हैं?

**महिलाओं के लिए विवाह योग्य आयु**

**3064. श्री सुमेधानन्द सरस्वती:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने महिलाओं की विवाह योग्य आयु पर पुनर्विचार करने के लिए एक कृतिक बल का गठन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कृतिक बल ने इस संबंध में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है; और

(घ) यदि हां, तो कृतिक बल के निष्कर्षों का ब्यौरा क्या है?

**आईसीडीएस और पीएमएमवीवाई के अंतर्गत वित्त पोषण**

**†3065. श्रीमती प्रमिला बिसाई:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान एकीकृत बाल विकास योजना (आईसीडीएस) और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पीएमएमवीवाई के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रदान किए जाने वाले वित्तीय लाभों की राशि में वृद्धि करने की कोई योजना है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**जैव चिकित्सा अपशिष्ट**

**†3066. श्री खगेन मुर्मु:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या महामारी के समय उत्पन्न जैव चिकित्सा अपशिष्ट/कचरे के प्रबंधन की निगरानी के लिए नियामक एजेंसियों के पास संसाधनों की दृष्टि से पर्याप्त क्षमता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा जैव चिकित्सा अपशिष्ट के वैज्ञानिक रूप से निपटान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

---

†मूल अंग्रेजी में

**कारीगरों से संबंधित कार्यकलापों के लिए केन्द्रीकृत आंकड़े**

**†3067. डॉ. संजीव कुमार शिंगरी:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास कारीगरों से संबंधित कार्यकलापों में शामिल सभी लोगों के केन्द्रीकृत आंकड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**आईसीडीएस संबंधी पात्रताएं**

**†3068. डॉ. टी. सुमति (ए) तामिझाची थंगापंडियन:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एकीकृत बाल विकास योजना (आईसीडीएस) संबंधी सुविधाओं के अंतर्गत पूरक पोषण कार्यक्रमों के अलावा विकास की निगरानी और 'होम विज़िट' जैसी अन्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं और यदि हां, तो आईसीडीएस की कार्यान्वयन की प्रगति संबंधी रिपोर्ट सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने बच्चों में कुपोषण पर कोविड-19 का कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) महिलाओं और बच्चों में पोषण संबंधी कमियों को दूर करने के लिए कोविड-19 पैकेज के अंतर्गत कितना अतिरिक्त आवंटन किया गया है; और

(घ) क्या रोजगार और खाद्य सुरक्षा पर कोविड-19 के गंभीर प्रभाव को देखते हुए आईसीडीएस के अंतर्गत पूरक पोषण कार्यक्रम मानदंडों को बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**कार्बन-तटस्थ गांव**

**†3069. डॉ. शशि थरूर:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केरल सहित देश में वर्तमान में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने कार्बन-तटस्थ क्षेत्र हैं;

(ख) क्या केरल का मीनांगडी गांव पहला कार्बन-तटस्थ गांव बन गया है और इससे वायनाड देश का पहला ऐसा जिला बन गया है;

(ग) यदि हां, तो क्या मंत्रालय लोगों को अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए प्रोत्साहित करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को रोकने के लिए विशिष्ट पौधों की पहचान करने हेतु कुछ विशिष्ट दृष्टिकोणों और स्वैच्छिक प्रतिबद्धताओं पर विचार कर रहा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या मंत्रालय केरल की राज्य सरकार द्वारा की गई पहलों की तर्ज पर उपायों जैसे ग्रीनहाउस का प्रबंधन और प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन को लागू करने का इरादा रखता है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**कोविड-19 मौतों की संपरीक्षा**

**†3070. श्री राम मोहन नायडू किंजरापु:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का तमिलनाडु राज्य द्वारा प्रस्तावित संपरीक्षा के समान कोविड-19 की शुरुआत से लेकर अब तक कुल मौतों, कोविड-19 से हुई मौतों, कोविड-19 के सक्रिय मामलों और स्वस्थ होने वाले लोगों के आंकडों की संपरीक्षा करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या निजी प्रयोगशालाओं को कोरोनावायरस की जीनोम सिक्वेन्सिंग करने की अनुमति है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उन निजी प्रयोगशालाओं की संख्या कितनी है जोकि जीनोम सिक्वेन्सिंग कर सकती हैं और इसमें उनकी क्षमता क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो निजी प्रयोगशालाओं को कोरोनावायरस की जीनोम सिक्वेन्सिंग करने से रोकने के क्या कारण हैं?

**राष्ट्रीय प्राणी उद्यान के समीप विकास परियोजना**

**†3071. श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम से राष्ट्रीय प्राणी उद्यान के क्षेत्र के अंतर्गत मेरठ-अलवर खंड को जोड़ने वाली मेट्रो लाइन के विकास के लिए अनुमति और अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने चिड़ियाघर में वन्यजीवों, जिनमें चित्तीदार और स्वाम्प हिरण, ब्लैक बक, राइनो और बाघ जैसे स्तनधारी और सरीसृपों और पक्षी/दरबों की विभिन्न प्रजातियों और मौसमी प्रवासी पक्षियों की प्रजातियां शामिल हैं क्योंकि ये बहुत ही संवेदनशील हैं

---

†मूल अंग्रेजी में

और कंपन को महसूस कर सकते हैं को बचाने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

**रक्तदान कार्ड**

**3072. श्री रामचरण बोहरा:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार रक्तदान कार्डधारक को परिवार सहित मानवीय आधारों पर, अन्य जरुरतमंदों को अपने कार्ड पर रक्तदान करने की अनुमति देने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस समय रक्तदान कार्डधारक जिन व्यक्तियों के लिए रक्त प्राप्त कर सकता है उनका ब्यौरा क्या है?

**वन्यजीव अभ्यारण्य में सड़क निर्माण**

**3073. श्री रमाकान्त भार्गव:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई.) को रातापानी वन्यजीव अभ्यारण्य के राष्ट्रीय राजमार्ग-46 के 12.30 किमी. क्षेत्र में चार लेन सड़क के निर्माण के लिए मंजूरी दे दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो कब तक मंजूरी दिए जाने की संभावना है?

**भारत-नेपाल सीमा पर एम्स की स्थापना**

**3074. श्री सुनील कुमार:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत-नेपाल सीमा पर सुदूर स्थित वाल्मीकि नगर में एम्स अस्पताल स्थापित करने का प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**वायु प्रदूषण के कारण मौत**

**†3075. डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:**
**श्री राहुल रमेश शेवाले:**
**श्री अशोक कुमार रावत:**
**श्री गिरीश भालचन्द्र बापट:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वायु प्रदूषण के कारण भारत में प्रतिवर्ष लगभग 15 लाख लोगों की मौतें होती हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई सर्वेक्षण किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने वायु गुणवत्ता में सुधार करने के लिए उपचारात्मक कदमों की निगरानी के लिए आठ सदस्यीय राष्ट्रीय कार्य बल (एनटीएफ) का गठन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए एनटीएफ द्वारा क्या उपाय सुझाए गए हैं;

(घ) विशेषकर महाराष्ट्र सहित राज्य-वार उन शहरों के नाम क्या हैं जहां वायु गुणवत्ता राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं है;

(ङ) क्या सरकार ने वायु प्रदूषण की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए एक लघु अवधि की राष्ट्रीय स्तर की रणनीति के रूप में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) तैयार किया है; और

(च) यदि हां, तो एनसीएपी के कार्यान्वयन के बाद प्रदूषण का स्तर राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार किस हद तक कम हुआ है?

**मेडिकल स्नातकों की सेवाएं**

**†3076. श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी:**
**श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी:**
**श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी:**
**श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार का कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में उन मेडिकल स्नातकों की सेवाओं का उपयोग करने का विचार है जिन्होंने विदेशों में अध्ययन किया है और विदेशी मेडिकल स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को स्वास्थ्य कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कंपलसरी रोटेशनल रेजिडेंशियल इंटर्न (सीआरआरआई) के रूप में डॉक्टरों की नियुक्ति के संबंध में राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्रस्ताव/सुझाव प्राप्त हुए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

---

†मूल अंग्रेजी में

**राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अन्तर्गत शहर**

**†3077. श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में जिन शहरों में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम कार्यान्वित किया जा रहा है उनका राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का स्वच्छ हवा के लिए चिह्नित शहरों में क्रियाकलापों में वृद्धि करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत और शहरों को शामिल करने की मांग की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उन पर क्या कार्रवाई की गई है;

(घ) क्या यह सच है कि मंत्रालय को 2020-21 में प्रस्तावित राशि से 200 करोड़ रूपये कम मिले हैं और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा 2021-22 में वायु को स्वच्छ करने के लिए विभिन्न योजनाओं हेतु कितना आवंटन किया गया है; और

(ङ) देश में प्रदूषकों को अवशोषित करने के लिए स्मॉग टावर स्थापित करने की वर्तमान स्थिति क्या है?

**ऑगमेंटिड एंड वर्चुअल रियलिटी टेक्नोलॉजी**

**†3078. श्री टी.आर.वी.एस. रमेश:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में वर्चुअल रियलिटी (वीआर) एंड ऑगमेंटिड रियलिटी (एआर) टेक्नोलॉजी को कार्यान्वित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त प्रौद्योगिकी मेडिकल विद्यार्थियों के लिए सीखने की व्यावहारिक अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझने के लिए किस प्रकार फायदेमंद होगी; और

(घ) देश में विद्यमान सरकारी और संबद्ध चिकित्सा संस्थाओं की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है?

**वंचित वर्ग हेतु कोविड-19 का परीक्षण और उपचार**

**†3079. सुश्री एस. जोतिमणि:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा बिना आईडी कार्ड वाले, बेघर लोगों, आश्रयों में रहने वाले, गरीबी रेखा से नीचे रहने वालों, विकलांग लोगों, सैक्स वर्करों और ट्रांसजेंडर समुदाय के संबंध में कोविड-19 के परीक्षण, उपचार और टीकों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए नीतिगत निर्णयों और पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त नीति और पहल के क्या परिणाम रहे हैं; और

(ग) इसने उपरोक्त श्रेणियों के लोगों को किस प्रकार से लाभ पहुंचाया है?

**महिलाओं के बीच डिजिटल साक्षरता**

**†3080. श्री अभिषेक बनर्जी:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) महिलाओं में डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही नीतिगत पहल या योजनाएं क्या हैं;

(ख) क्या महिलाओं में कम डिजिटल साक्षरता ने उन्हें दूसरों पर निर्भर रहने के लिए बाध्य किया है जिसके कारण उनके बीच सूचना का अंतराल उत्पन्न हो रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस निर्भरता को कम करने और सूचना तक पहुंच बनाने में महिलाओं की स्वायत्तता बढ़ाने के लिए मंत्रालय द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या मंत्रालय द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए कि ग्रामीण महिलाएं इस प्रक्रिया में पीछे न रह जाएं, अन्य मंत्रालयों के साथ एक शिक्षा और कौशल विकास जैसी संयुक्त कार्य योजना शुरू करने का कोई विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि हां, तो इसके लक्ष्य क्या हैं और इसको क्रियान्वित करने की समय-सीमा क्या है?

**सरकारी अस्पतालों का निजीकरण**

**†3081. श्री सुनील कुमार मण्डल:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार बेहतर सेवा और स्थिति के लिए सरकारी अस्पतालों का निजीकरण करने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**कैंसर उपचार हेतु नए अस्पतालों की स्थापना**

**†3082. एडवोकेट डीन कुरियाकोस:**
**श्री निहाल चन्द चौहान:**

---

†मूल अंग्रेजी में

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में कैंसर रोगियों की संख्या और वर्तमान स्थिति का पता लगाने के लिए कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का देश में नए कैंसर अस्पताल स्थापित करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में राज्यों से कोई प्रस्ताव मांगा है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का केरल में कैंसर रोगियों को नि:शुल्क और अत्याधुनिक उपचार प्रदान करने के लिए राज्य में नए कैंसर अस्पताल खोलने का कोई विचार है; और

(च) क्या केरल के इडुक्की जिले में भी ऐसा ही एक अस्पताल स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**ओडिशा में चिकित्सा महाविद्यालय**

**3083. श्री बंसत कुमार पंडा:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ओडिशा के भवानीपाटणा और कालाहांडी में एक चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने की मंजूरी दी गई है; और

(ख) उक्त महाविद्यालय का कार्य कब तक आरम्भ होने की संभावना है और इसका ब्यौरा क्या है?

**भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के अंतर्गत अनुसंधान**

**†3084. श्री राजा अमरेश्वर नाईक:**
**डॉ. सुकान्त मजूमदार:**
**श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या):**
**श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:**
**श्री भोला सिंह:**
**श्री विनोद कुमार सोनकर:**
**डॉ. जयंत कुमार राय:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) आयुर्विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान करता है और यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान शुरू की गई अनुसंधान परियोजनाओं, व्यय की गई निधियों और अर्जित राजस्व का प्रयोगशाला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने आईसीएमआर द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों के वाणिज्यीकरण के लिए फिक्की से सहयोग किया है;

(ग) यदि हां, तो प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है और अब तक वाणिज्यीकृत प्रौद्योगिकी की संख्या कितनी है और इसकी लागत क्या है;

(घ) क्या सरकार ने आईसीएमआर के कामकाज की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम रहे और आईसीएमआर की विभिन्न प्रयोगशालाओं में कितने पद रिक्त पड़े हैं; और

(ङ) आईसीएमआर के कार्यकरण में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

**कॉलेज ऑफ फिजिशियन्स एंड सर्जन्स मुंबई (सीपीएस)**

**†3085. डॉ. जयसिद्देश्वर शिवाचार्य स्वामीजी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कॉलेज ऑफ फिजिशियन्स एंड सर्जन्स मुंबई (सीपीएस) द्वारा चलाये जा रहे स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सिफारिश तत्कालीन भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद द्वारा की गई थी और इसे मंत्रालय द्वारा मान्यता दी गई थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) नई दिल्ली द्वारा चलाये जा रहे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की सिफारिश तत्कालीन भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद द्वारा भी की गई थी और इसे मंत्रालय द्वारा मान्यता दी गई थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मंत्रालय ने सीपीएस को समर्थन देने और एमएसआर और निरीक्षण तंत्र की जांच करने के लिए एक समिति गठित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) मंत्रालय और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा चौदह डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को मान्यता देने के लिए प्रस्तावित समय-सीमा का ब्यौरा क्या है?

**कन्या भ्रूण हत्या**

**†3086. श्री एस. वेंकटेशन:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2020-21 के दौरान रिपोर्ट किए गए कन्या भ्रूण हत्या के मामलों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

†मूल अंग्रेजी में

(ख) क्या सरकार कन्या भ्रूण हत्या की घटनाओं को रोकने के लिए कोई नीति बना रही है/विशिष्ट उपाय करने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**बच्चों का टीकाकरण**

**†3087. श्री सु. थिरुनवुक्करासर:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन (एनएसओ) की रिपोर्ट के अनुसार देश में पांच वर्ष से कम आयु के लगभग 40 प्रतिशत बच्चों का पूरी तरह से टीकाकरण नहीं हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और टीका-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा सार्वभौमिक टीकाकरण प्राप्त करने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की निगरानी**

**†3088. डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:**
**श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल:**
**डॉ. हिना विजयकुमार गावित:**
**श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:**
**डॉ. सुजय विखे पाटील:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी के लिए कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं के लिए बजट आवंटन का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या एनसीएपी के पास एक नया कानूनी ढांचा होगा या इसे मौजूदा ढांचे में शामिल किया जाएगा; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे किस तरह से शामिल किए जाने की संभावना है?

**आरटीपीसीआर परीक्षण का मूल्य**

**†3089. श्री संजय काका पाटील:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कोविड-19 रोग का पता लगाने के लिए आवश्यक आरटीपीसीआर और अन्य परीक्षणों के लिए मूल्य निर्धारित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को भी निर्देश दिए हैं; और

(ग) क्या कोविड-19 से संबंधित सभी प्रयोगशाला बिलों की संपरीक्षा के लिए कोई समिति गठित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**मुंबई महानगरीय क्षेत्र में वायु प्रदूषण**

**†3090. श्री मनोज कोटक:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मुंबई महानगरीय क्षेत्र में वायु प्रदूषण की समस्या दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस बिगड़ती स्थिति के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस क्षेत्र के लिए स्वच्छ वायु संबंधी कोई कार्य योजना तैयार की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**एकीकृत बाल विकास कार्यक्रम**

**†3091. श्री अब्दुल खालेक:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार वित्तीय बाधाओं के कारण ग्रामीण भारत में स्कूल बीच में छोड़ने वाले बच्चों का कोई आंकड़ा रखती है और यदि हां, तो असम सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार, जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) एकीकृत बाल विकास कार्यक्रम के तहत इस स्थिति के समाधान के लिए सरकार द्वारा अब तक क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान इस योजना के तहत असम सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार कितनी धनराशि जारी और उपयोग की गई?

**वस्त्र उत्कृष्टता केन्द्र**

**†3092. श्री हेमन्त तुकाराम गोडसे:**

---

†मूल अंग्रेजी में

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश के विभिन्न भागों विशेषकर महाराष्ट्र में वस्त्र उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**साझा सुविधा केन्द्रों की स्थापना**

**†3093. श्री राजेश नारणभाई चुड़ासमा:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में हथकरघा उद्योग के विकास के लिए बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रखण्ड/नगरपालिका स्तर पर साझा सुविधा केंद्र (सीएफसी) स्थापित करने के लिए कोई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) ऐसे केंद्रों को मंजूरी देने के लिए आवश्यकता/पात्रता मानदंड क्या हैं?

**अस्पतालों का उन्नयन/आधुनिकीकरण**

**†3094. श्री राजन बाबूराव विचारे:**
**डॉ. निशिकांत दुबे:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार महाराष्ट्र और झारखंड सहित विशेषकर देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी अस्पतालों को उन्नत/आधुनिक बनाने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में उन्नत/आधुनिक बनाए गए सरकारी अस्पतालों का जिला-वार, अस्पताल-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान इस प्रयोजन हेतु कितनी धनराशि आवंटित की गई/आवंटित किए जाने का प्रस्ताव था और उसका कितना वास्तविक उपयोग हुआ?

**डिब्बाबंद भोजन पर लेबल लगाना**

**†3095. श्री रामदास तडस:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ऐसे भोजन, फास्ट फूड, जूस और पेय पदार्थ जो बच्चों के लिए हानिकारक और उनमें व्यसन पैदा करने वाले हैं, की पैकेजिंग के समय उनके डिब्बों पर भोजन, खाद्य पदार्थ और खाने योग्य को दर्शाने को विनियमित करने हेतु दिशानिर्देश और विनियमन प्रकिया शुरू करने के लिए सरकार की कोई योजना है या सरकार ने कोई कदम उठाया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**किशोर गृह बंदियों की स्थिति**

**3096. श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में बड़ी संख्या में ऐसे किशोर गृहों की दयनीय स्थिति का संज्ञान लिया है जहां बच्चों को घटिया किस्म का भोजन दिया जाता है, उन्हें शारीरिक दंड दिया जाता है तथा जहां बच्चे बिना चिकित्सा, विधिक सहायता के समुचित शिक्षा और कौशल विकास से वंचित हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इनमें से कई किशोर बंदी गृह इन बच्चों को बाल कल्याण समितियों अथवा किशोर न्याय बोर्डों के समक्ष उपस्थित नहीं करते हैं जैसा कि किशोर न्याय अधिनियम में आदेशित है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा अपनाए गए सुधारात्मक उपाय क्या हैं?

**विद्युतीय रूप से संरेखित नैनो-चैनलों का विकास**

**†3097. श्री पी.वी. मिधुन रेड्डी:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में ऐसे विद्युतीय रूप से संरेखित नैनो-चैनलों को विकसित किया है जो ऊर्जा अपव्यय को खत्म करेंगे तथा जिनसे वेब आधारित कम्प्यूटिंग की जा सकती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस प्रौद्योगिकी में भविष्य में ऑन-चिप डेटा कम्यूनिकेशन और प्रोसेसिंग को बदल देने की क्षमता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या स्पीनट्रॉनिक्स और वोल्टेज नियंत्रित मैगनेटिक एनिसोट्रॉफी के क्षेत्र में अब तक हुई प्रगति के आधार पर भविष्य में ऑन-चिप मल्टीप्लेक्सिंग उपकरणों के विकास हेतु समानांतर चैनलों के माध्यम से फ्रीक्वेंसी की विशिष्ट बैंड को स्थानांतरित करने के लिए नैनो-चैनलों को विकसित/सुसज्जित किया जा सकता है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस प्रौद्योगिकी के फायदे क्या हैं?

†मूल अंग्रेजी में

**वस्त्र उद्योग में रोजगार सृजन**

**3098. श्री अशोक महादेवराव नेते:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वस्त्र उद्योग में पांच वर्षों में निर्धारित लक्ष्य की तुलना में रोजगार सृजन बहुत कम हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) गत दो वर्षों के दौरान वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में रोजगार सृजन में किस हद तक कमी आई है और तय लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा बनाई गई कार्य योजना का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इसके परिणामस्वरूप प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित रोजगार की संख्या क्या है?

**जल विद्युत परियोजना का प्रभाव**

**†3099. श्री एस. जगतरक्षकन:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को ज्ञात है कि जलवायु संकट से जुड़ी जल प्रवाह में बदलाव विकट घटनाएं, अपदरन और अवसादन, ग्लैसियरों का फटना/भूस्खलन/बांधों के टूटने के कारण आपदाग्रस्त पर्यावरणीय जल प्रवाहों, जल की गुणवत्ता और जलीय और पार्थिव पारिस्थितिकी तंत्र तथा परियोजनाओं के अतिरिक्त जल विद्युत परियोजनाओं पर भी खतरा उत्पन्न हो गया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा इनकी रोकथाम के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**हिमालयी क्षेत्र में निर्वनीकरण**

**†3100. डॉ. आलोक कुमार सुमन:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर भारत सहित हिमालयी क्षेत्र में निर्वनीकरण का मुख्य कारण बाढ़ तथा बाढ़ से होने वाली तबाही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारत का बाढ़ के पूर्वानुमान और बाढ़ नियंत्रण के क्षेत्रों में नेपाल के साथ द्विपक्षीय संबंध हैं, ताकि वनीकरण और वन भूमि को बढ़ाया जा सके तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या नेपाल सरकार ने वनीकरण के संबंध में सहायता के लिए भारत से संपर्क किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**भूमि का अवक्रमण**

**†3101. श्री टी.आर. बालू:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि देश के समक्ष व्यापक पारिस्थितिकीय और आजीविका का संकट मंडरा रहा है और भूमि अवक्रमण की समस्या पर तत्काल ध्यान और प्राथमिकता दिए जाने की आवश्यकता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा उक्त मुद्दे से निपटने के लिए भूमि अवक्रमण को उच्च प्राथमिकता वाली नीति बनाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं;

(ग) क्या सरकार ने भूमि के पुन:उपयोग में लगने वाले लंबे समय और पनधारा प्रबंधन के लिए सतत् राजकोषीय और मानव संसाधन सहायता को ध्यान में रखते हुए भूमि उपयोग परिवर्तन, संवहनीय कृषि प्रथाओं और हरित प्रक्रिया में समुदायों की भागीदारी हेतु सख्त नीतियों के अपनाए जाने को सुनिश्चित करने के लिए कोई पहल की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**'पोषण' अभियान का कार्यान्वयन**

**†3102. श्रीमती सुमलता अम्बरीश:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में कार्यान्वित किया जा रहा पोषण अभियान बच्चों और माताओं के लिए विश्व का सबसे बड़ा पोषण कार्यक्रम है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत कोई लक्ष्य निर्धारित किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार कितनी धनराशि आवंटित, जारी और उपयोग की गई है?

**कोविड महामारी के दौरान कार्यरत डॉक्टर**

**3103. श्री दीपक बैज:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

---

†मूल अंग्रेजी में

(क) कोविड-19 अवधि के दौरान दो से अधिक अस्पतालों में रेजिडेंट डॉक्टरों के रूप में काम करने वाले डॉक्टरों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस बात का संज्ञान लिया है कि कोरोनाकाल के दौरान बड़ी संख्या में अस्पतालों का पंजीकरण किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो विगत दो वर्षों के दौरान पंजीकृत ऐसे अस्पतालों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**निजी क्षेत्र में अनुसंधान और विकास**

**†3104. कर्नल (सेवानिवृत्त) राज्यवर्धन राठौर:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने ऐसे क्षेत्रों की पहचान की है, जहां निजी क्षेत्र की कंपनियां वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास का संचालन करने के लिए बेहतर स्थिति में हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की ऐसे लक्षित क्षेत्रों पर अनुसंधान करने के संबंध में निजी क्षेत्र की कंपनियों के लिए कर प्रोत्साहन, ऋण, खरीद प्रतिबद्धता प्रदान करने अथवा कोई अन्य उपाय करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने ऐसे आविष्कारों का व्यावसायीकरण करने पर विचार किया है, जो सरकारी सहायता प्राप्त निजी क्षेत्र के अनुसंधान और विकास उद्यमों के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा प्रारूप विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार नीति 2020 के नीतिगत उद्देश्यों के अनुसार प्रत्येक पांच वर्षों में अनुसंधान और विकास में सकल व्यय को दोगुना करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**एनटीसी मिलों को पुन: खोलना**

**†3105. श्री जी.एम. सिद्देश्वर:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय वस्त्र निगम लिमिटेड (एनटीसी) के अंतर्गत चलने वाली वस्त्र मिलों में कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण हुए लॉकडाउन के बाद फिर से परिचालन आरंभ हो गया है;

(ख) यदि हां, तो उन मिलों का ब्यौरा क्या है जो अभी कार्यशील हैं;

(ग) उन मिलों का ब्यौरा क्या है जो लॉकडाउन से पहले कार्यशील थीं लेकिन लॉकडाउन खुलने के बाद अभी नहीं खुली हैं; और

(घ) यदि हां, तो लॉकडाउन समाप्त होने के बावजूद इन मिलों को बंद रखने के क्या कारण हैं?

**सीपीसीबी द्वारा औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण**

**3106. श्रीमती पूनमबेन माडम:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने कई औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) निरीक्षण के बाद जारी निर्देशों का पालन नहीं करने वाली औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध अब तक क्या कार्रवाई की गई है?

**भौतिक चिकित्सा (फिजियोथैरेपी) संस्थान और दंत चिकित्सा महाविद्यालय**

**†3107. श्री हेमन्त पाटिल:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्र सरकार देश भर में विशेषरूप से महाराष्ट्र में और अधिक भौतिक चिकित्सा (फिजियोथैरेपी) संस्थान और दंत चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) ऐसे संस्थान और कॉलेज कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

**प्रधान मंत्री गरीब कल्याण पैकेज**

**†3108. श्री श्रीधर कोटागिरी:**
**श्री बेल्लाना चन्द्रशेखर:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने 'प्रधान मंत्री गरीब कल्याण पैकेज' के अंतर्गत कोविड-19 से लड़ने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के लिए एक बीमा योजना शुरू की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राज्य सरकारों ने केंद्र सरकार को सूचित किया है कि इसके अंतर्गत बीमा दावों के प्रसंस्करण में देरी हो रही है; और

(घ) यदि हां, तो बीमा दावों के प्रसंस्करण को और व्यवस्थित एवं सरल बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ताकि इससे संबंधित विलंब से बचा जा सके?

---

†मूल अंग्रेजी में

**हरित नियमों के उल्लंघन पर दंड**

**†3109. श्री असादुद्दीन ओवैसी:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश और विभिन्न न्यायालयों की टिप्पणियों के अनुसार मंत्रालय ने हरित नियमों के उल्लंघनों से निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) आरंभ की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ये एसओपी पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत जारी किए गए हैं और इस संबंध में सीपीसीबी, एसपीसीबी को कार्रवाई करने का अधिकार दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) हरित नियमों के उल्लंघन के लिए एसओपी के अंतर्गत लगाए गए शास्ति खंड का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त शास्ति किस प्रकार लगाए जाने की संभावना है और शास्ति लगाने से प्राप्त राशि का उपयोग पर्यावरणीय हरित क्षेत्र की वृद्धि और वन्यजीवों के पर्यावास की सुरक्षा के लिए किस प्रकार किया जाएगा?

**अस्पतालों में बिस्तर क्षमता**

**†3110. श्री अरविंद धर्मापुरी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का इरादा पूरे देश में एम्स आदि सहित सरकारी अस्पतालों में बिस्तर क्षमता बढ़ाने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कोई मौजूदा कानून अस्पतालों के लिए आपात स्थिति में मरीजों को भर्ती करना अनिवार्य बनाता है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**तालचेर थर्मल पावर स्टेशन का विस्तार**

**†3111. श्री महेश साहू:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि तालचेर थर्मल पावर स्टेशन से संबंधित मामला केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पास विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार ने तालचेर थर्मल पावर स्टेशन को फिर से शुरू करने के लिए मंजूरी दे दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो परियोजना के विस्तार के लिए कब तक मंजूरी प्रदान किए जाने की संभावना है?

**प्लास्टिक पर प्रतिबंध**

**3112. श्री गोपाल शेट्टी:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण को देखते हुए पूरे देश में प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**ग्रामीण क्षेत्रों में दूरदर्शन केंद्र (डीडीके) और आकाशवाणी (एआईआर) स्टेशन**

**3113. श्रीमती रीती पाठक:**

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में विशेष रूप से पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों के उन जिलों के नाम राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार क्या हैं जहां वर्तमान में दूरदर्शन केंद्र (डीडीके) और आकाशवाणी (एआईआर) स्टेशन नहीं हैं;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान अभी तक डीडी/एआईआर केंद्र स्थापित करने के लिए राज्यों से प्राप्त प्रस्तावों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है/की जाने की संभावना है?

**पोषण अभियान के अंतर्गत वित्तपोषण**

**†3114. डॉ. जी. रणजीत रेड्डी:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पोषण अभियान के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

†मूल अंग्रेजी में

(ख) क्या यह सच है कि अभी तक वर्ष 2017-18 से तेलंगाना राज्य के लिए केवल 16,760 लाख रुपये जारी किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि अब तक जारी की गई राशि का केवल 25 प्रतिशत ही उपयोग किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और शेष राशि का उपयोग करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(घ) देश में पोषण अभियान पर कोविड-19 का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विशेष रूप से तेलंगाना में क्या प्रभाव पड़ा; और

(ङ) 2021-22 में पोषण अभियान के लिए किए गए आवंटन का ब्यौरा क्या है और पिछले तीन वर्षों में बजट अनुमान स्तर पर और संशोधित अनुमान स्तर पर किए गए आवंटन से यह किस प्रकार तुलनीय है?

**कोविड-19 संबंधी संक्रमण से प्रभावित जानवरों की निगरानी**

**†3115. श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कोविड-19 संक्रमण से पहले और बाद में पशुओं की निगरानी के लिए फील्ड स्तर के अधिकारियों को सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए कोई पैनल या कोई केंद्रीय/राज्य-स्तरीय कार्यबल गठित/नियुक्त किया है;

(ख) यदि हां, तो आज की तारीख तक राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**झीलों का संरक्षण**

**†3116. श्री प्रज्ज्वल रेवन्ना:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार ने राज्य सरकार के समन्वय से कर्नाटक में झीलों और टैंकों के संरक्षण के लिए कदम उठाए हैं जिससे उन्हें विलुप्त होने से बचाया जा सके; और

(ख) यदि हां, तो चयनित झीलों, तालाबों, टैंकों का ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजन के लिए स्वीकृत और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है?

**किसानों के लिए मौसम का पूर्वानुमान**

**3117. श्री भोलानाथ 'बी.पी. सरोज':**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कृषि क्षेत्र के जोखिमों के समाधान तथा किसानों को मौसम की जानकारी प्रदान किए जाने हेतु कृषि संबंधी मौसम पूर्वानुमान-सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) जिला-स्तर पर मौसम संबंधी सही पूर्वानुमान बताने हेतु प्रौद्योगिकी और उपकरणों के आधुनिकीकरण तथा उन्नयन के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**अस्पतालों में आग से दुर्घटनाएं**

**†3118. एडवोकेट अदूर प्रकाश:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि हाल के महीनों में अस्पतालों में आग लगने की लगातार घटनाओं से देश भर में कई लोगों की मौत हुई है, बहुत से लोग घायल हुए है जिनमें ज्यादातर कोविड रोगी हैं;

(ख) यदि हां, तो पिछले एक वर्ष के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार सूचित की गई ऐसी मौतों और इससे घायल हुए लोगों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने ऐसी आग से होने वाली दुर्घटनाओं पर संबंधित राज्यों से कोई रिपोर्ट मांगी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई सुधारात्मक उपाय किए हैं या राज्यों को निर्देश जारी किए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**अपशिष्ट प्रबंधन**

**†3119. श्री थोमस चाज़िकाडन:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्थानीय निकायों के माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सरकार की विस्तृत योजनाओं का ब्यौरा क्या हैं;

(ख) क्या ऐसी योजना में स्वच्छ भारत मिशन के हिस्से के रूप में परियोजनाएं शामिल हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार की स्थानीय निकायों को अपशिष्ट रहित केंद्र बनाने की कोई योजना है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

†मूल अंग्रेजी में

**रेशम रीलर्स**

**†3120. श्री कुरुवा गोरांतला माधव:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार रेशम रीलर्स विनिर्माण इकाई के प्रोत्साहन जिसे दो वर्ष पूर्व रोक दिया गया था को फिर से शुरू करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास रेशम रीलर्स के शेड निर्माण के लिए राजसहायता फिर से शुरू करने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**संरक्षित वन क्षेत्रों में खनन**

**3121. श्री हनुमान बेनीवाल:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या संरक्षित वन क्षेत्रों में खनन क्रिया-कलापों पर प्रतिबंध है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा जारी परिपत्रों/आदेशों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सम्पूर्ण देश में कई राज्यों के संरक्षित वन क्षेत्रों में खनन क्रिया-कलाप किए जा रहे हैं और यदि हां, तो राजस्थान से सूचित मामलों सहित उक्त मामलों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने संरक्षित वन क्षेत्रों में खनन क्रिया-कलापों के संचालन के लिए कोई अनुमति प्रदान की है; और

(ङ) यदि हां, तो इसका कानूनी आधार क्या है और गत दस वर्षों के दौरान उक्त मामलों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**अल्प आयु में तंबाकू के उपभोग को रोकने संबंधी विनियम**

**†3122. श्रीमती मेनका संजय गांधी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का तंबाकू सेवन की आयु सीमा को 18 से बढ़ाकर 21 करने के लिए कोई विनियम लाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(ग) सरकार द्वारा देश में अल्पायु में तंबाकू सेवन की समस्या का समाधान करने के लिए अन्य क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**योग पार्क**

**3123. श्री देवेन्द्र सिंह 'भोले':**

क्या **आयुष** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का सम्पूर्ण देश में योग पार्क स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो उत्तर प्रदेश सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिले-वार ब्यौरा क्या है और उक्त योग पार्क कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है; और

(ग) इन योग पार्कों को स्थापित करने के पीछे क्या उद्देश्य हैं और इनके तहत जिन क्रियाकलापों को किया जाना है उनका ब्यौरा क्या है?

**सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता कार्यक्रम**

**3124. श्री मलूक नागर:**
**श्री कृष्णपाल सिंह यादव:**
**श्रीमती संध्या राय:**

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे है कि सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी अपने मूल रूप में जनता तक पहुंचे;

(ख) इस संबंध में किए जा रहे प्रयासों की सफलता-दर कितनी है और सूचना का प्रसार किस स्तर तक सुनिश्चित किया जाता है;

(ग) क्या ऐसी सूचनाओं के परिचालन और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता कार्यक्रमों में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कोई प्रावधान है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं की क्या भूमिका है?

**बेरोजगार महिला वैज्ञानिकों को वित्तीय सहायता**

**3125. डॉ. मनोज राजोरिया:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा बेरोजगार महिला वैज्ञानिकों को "महिला वैज्ञानिक योजना" के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए क्या सहायता प्रदान की जा रही है;

(ख) उक्त योजना से अब तक राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं; और

---

†मूल अंग्रेजी में

(ग) उक्त योजना के लिए वर्तमान बजट में कितना बजटीय प्रावधान किया गया है?

**जिला अस्पतालों और प्रसूति केंद्रों का उन्नयन**

**†3126. श्री उपेन्द्र सिंह रावत:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जिला अस्पतालों और प्रसूति केंद्रों के उन्नयन के क्या मानदंड हैं;

(ख) क्या सरकार अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में स्थित अस्पतालों के उन्नयन को प्राथमिकता देती है;

(ग) क्या सरकार को जिला और प्रसूति केंद्रों के उन्नयन के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विशेषरूप से उत्तर प्रदेश के बाराबंकी और लखनऊ जिलों में क्या कदम उठाए गए हैं?

**बाल देखभाल संस्थाओं में भीड़**

**†3127. प्रो. रीता बहुगुणा जोशी:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हाल की रिपोर्टों के अनुसार घातक वायरस के कारण 9,346 बच्चों के माता-पिता में से किसी एक की और 1,700 से अधिक बच्चों के माता-पिता दोनों की मौत हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने प्रभावित बच्चों की देखभाल और सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा उक्त संस्थानों में कोविड-19 के उचित व्यवहार का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बाल देखभाल संस्थानों की भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**गैर-संचारी रोगों के कारण मौतों में वृद्धि**

**†3128. श्री सय्यद ईमत्याज जलील:**
**श्री असादुद्दीन ओवैसी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि लांसेट ग्लोबल हेल्थ ने कई अन्य संगठनों के सहयोग से 2019 में भारत में स्ट्रोक से हुई सात लाख मौतों को दर्शाने वाला एक पेपर प्रस्तुत किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कोविड-19 से होने वाली मौतों के मद्देनजर गैर-संचारी रोगों से होने वाली मौतों को छोड़ दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बाह्य रोगी विभागों के गैर-संचालन और सर्जरी स्थगित करने के कारण गैर-संचारी रोगों से होने वाली मौतों में कई गुना वृद्धि हुई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा कोविड-19 के मद्देनजर देश में गैर-संचारी रोगों से होने वाली मौतों को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**घुटना प्रतिरोपण सर्जरी**

**†3129. श्री के. षणमुग सुंदरम:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि तमिलनाडु में हर वर्ष सरकारी और निजी अस्पतालों द्वारा की जाने वाली अधिकांश घुटना प्रतिरोपण सर्जरी से जटिलता आ जाती है जबकि अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क केवल 1 से 2 प्रतिशत निर्धारित करता है और यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ख) क्या सरकार को तमिलनाडु सरकार से घुटना प्रतिरोपण सर्जरी की विफलता के संबंध में कोई रिपोर्ट प्राप्त हुई है; और

(ग) यदि हां, तो तमिलनाडु में सरकारी अस्पतालों और निजी अस्पतालों से संबंधित उक्त मामलों का ब्यौरा क्या है?

**संकटग्रस्त औषधीय पादप**

**3130. श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा:**

क्या **आयुष** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में औषधीय और सुगंधित पादपों की विभिन्न प्रजातियां संकटग्रस्त हैं और विलुप्त होने के कगार पर हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या औषधीय पादप राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के रसायनों से बने उर्वरकों की सहायता से उगाए जा रहे हैं जो उनकी गुणवत्ता को अत्यधिक प्रभावित करते हैं; और

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा इसके प्रभाव से मानव जीवन को बचाने के लिए क्या प्रभावी उपाय किए गए हैं?

†मूल अंग्रेजी में

**आयुर्वेदिक अस्पताल**

**†3131. डॉ. संजय जायसवाल:**

क्या **आयुष** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार में विशेषकर गोपालगंज में चलाए जा रहे आयुर्वेदिक अस्पतालों की जिले-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) बिहार में विशेषकर गोपालगंज में स्वयं के भवनों में और किराए के भवनों में चलाए जा रहे आयुर्वेदिक अस्पतालों की जिला-वार संख्या कितनी है;

(ग) बिहार में आयुर्वेदिक अस्पतालों के लिए अधिकारियों, चिकित्सकों और कर्मचारियों के स्वीकृत पदों और इनमें से भरे गए तथा रिक्त पदों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) बिहार के प्रत्येक जिले, विशेषकर गोपालगंज में आयुष अस्पताल उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

**मराठवाड़ा क्षेत्र में मलेरिया का प्रसार**

**3132. श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले सहित मराठवाड़ा क्षेत्र में मलेरिया फैलने की स्थिति की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या नांदेड़ क्षेत्र में मलेरिया की समस्या से निपटने के लिए सक्षम कर्मियों की भारी कमी है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) नांदेड़ में मलेरिया के प्रसार को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ङ) इस संबंध में सक्षम स्वास्थ्य कर्मियों की कमी को पूरा करने के लिए की गई/की जाने वाली कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

**तेलंगाना में जंगल की आग**

**†3133. श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या तेलंगाना में जंगल की आग की घटनाओं में वृद्धि हुई है जिसके कारण कई हेक्टेयर वन भूमि जल गई है;

(ख) यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य के जंगलों में लगी आग की घटनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पिछले पांच वर्षों में अमराबाद टाइगर रिजर्व में आग लगने की कई खबरें आई हैं, जिससे देश के राष्ट्रीय पशु सहित क्षेत्र की वनस्पतियों और जीव-जंतुओं को खतरा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) तेलंगाना में विशेष रूप से अमराबाद टाइगर रिजर्व में जंगल में आग की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**डेल्टा वेरिएंट रोधी टीके विकसित करना**

**3134. श्री रोड़मल नागर:**
**श्री कनकमल कटारा:**
**श्रीमती केशरी देवी पटेल:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार कोविड-19 के डेल्टा वेरिएंट के लिए वैक्सीन विकसित करने हेतु विभिन्न संस्थानों को सहायता प्रदान कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) आज की तारीख तक इन संस्थानों द्वारा किए गए उपरोक्त शोध के लिए संस्थान-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई/वित्तीय सहायता प्रदान की गई?

**अनुसंधान एवं विकास हेतु विभिन्न कंपनियों को आवधिक ऋण**

**†3135. डॉ. ए. चेल्लाकुमार:**
**श्री एम. सेल्वराज:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सीएसआईआर ने पिछले तीन वर्षों के दौरान अनुसंधान एवं विकास के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु आसान आवधिक ऋण मंजूर किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऋण स्वीकृत करने के लिए अपनाए गए मानदंड क्या हैं;

(ग) जिन कंपनियों को ऋण प्रदान किया गया उनकी संख्या, ऋण की अवधि कितनी है और उन परियोजनाओं के नाम क्या हैं जिनके लिए ऋण दिया गया था तथा ऋण वसूली की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) क्या ऋण मिलने के बाद कोई कंपनी रुग्ण हो गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

---

†मूल अंग्रेजी में

**सरकारी विज्ञापन**

**†3136. श्री कल्याण बनर्जी:**

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि समाचार पत्रों के परिचालन दावों की त्रुटियाँ दूर करने संबंधी कई आवेदन सरकार के पास पिछले तीन वर्षों से लंबित हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) उक्त विलंब के कारण सरकारी विज्ञापन प्राप्त करने में समाचार पत्रों पर पड़ने वाले प्रभाव का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सभी लंबित आवेदनों का निपटान करने और डीएवीपी के विज्ञापन जारी करने के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है?

**कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर संबंधी दिशानिर्देश**

**3137. श्री उदय प्रताप सिंह:**
**कुंवर दानिश अली:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कोविड-19 महामारी की संभावित तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में बच्चों के उपचार के लिए दिशा-निर्देशों के साथ-साथ रेमडेसिविर इंजेक्शन और अन्य आवश्यक दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था की है;

(ख) देश भर में कोविड-19 रोधी उचित व्यवहार का पालन न करने के लिए लोगों की लापरवाही को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) देश भर में सामने आए डेल्टा और डेल्टा प्लस वेरियंट के मामलों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(घ) क्या टीकाकरण के बाद भी वायरस हावी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) डेल्टा वेरियंट के प्रसार को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**समुद्री स्थानिक योजना**

**†3138. श्री डी.एम. कथीर आनन्द:**
**श्री अण्णासोहब शंकर जोल्ले:**
**डॉ. उमेश जी. जाधव:**
**श्री प्रताप सिम्हा:**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार समुद्री स्थानिक योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ग) इस उद्देश्य के लिए चिह्नित भौगोलिक स्थानों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या भारत इसके लिए विदेशी सहायता/सहयोग के लिए विचार कर रहा है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**भारत के क्षेत्र में स्थित गंगा के मैदानी इलाकों में ब्लैक कार्बन**

**3139. श्रीमती हेमामालिनी:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत के क्षेत्र में स्थित गंगा के मैदानी इलाकों में कार्बन की प्रचुरता है जिसका क्षेत्रीय जलवायु और मानव स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस मामले का संज्ञान लिया है और इस संबंध में आवश्यक उपचारात्मक कदम उठाए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**वस्त्र उद्योग में कौशल विकास**

**3140. श्री गोपाल जी ठाकुर:**
**डॉ. निशिकांत दुबे:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा वस्त्र उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास के लिए वर्तमान में कार्यान्वित किए जा रहे कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) पिछले दो वर्षों के दौरान बिहार में दरभंगा और झारखंड सहित कौशल विकास कार्यक्रमों के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और गैर-सरकारी संगठनों आदि को आवंटित निधियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**डीडीके, संबलपुर को मजबूत करना**

**†3141. श्री सुरेश पुजारी:**

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का अद्यतन मशीनरी और पर्याप्त जनशक्ति उपलब्ध कराकर डीडीके, संबलपुर के कार्यक्रम प्रभाग को मजबूत करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

†मूल अंग्रेजी में

(ख) क्या मंत्रालय पश्चिमी ओडिशा की संस्कृति और परंपराओं का केन्द्र होने को ध्यान में रखते हुए इस डीडीके से संबलपुरी भाषा में कार्यक्रमों और समाचारों के प्रसारण के लिए पर्याप्त घंटे आवंटित करेगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार डीडीके, संबलपुर में एक अलग समाचार इकाई खोलने और बारगढ़ में इसकी विस्तार इकाई स्थापित करने पर भी विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**चिकित्सकों का भावनात्मक और मानसिक कल्याण**

**†3142. डॉ. अमर सिंह:**
**श्री प्रद्युत बोरदोलोई:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने अनिवार्य परामर्श सत्रों के माध्यम से चिकित्सकों का भावनात्मक और मानसिक कल्याण सुनिश्चित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार को कोविड-19 वार्ड वाले अस्पतालों में संविदा चिकित्सकों की संख्या में वृद्धि की जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने कोविड-19 वार्डों में कार्यरत चिकित्सकों के लिए न्यूनतम वेतन निर्धारित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या सरकार ने सामान्य से अधिक घंटों तक काम करने वाले स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को पर्याप्त पारिश्रमिक देना सुनिश्चित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**महिला हथकरघा कामगारों हेतु योजना**

**3143. श्रीमती क्वीन ओझा:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार असम में महिला हथकरघा कामगारों के विकास के उद्देश्य से कोई योजना चला रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का ऐसी महिला कामगारों को विशेष पैकेज देने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा असम में हथकरघा को बढ़ावा देने के लिए तैयार की जा रही रणनीति का ब्यौरा क्या है?

**भीड़-भाड़ वाले शहरी सार्वजनिक स्थलों पर स्कैनर स्थापित करना**

**†3144. डॉ. थोल तिरुमावलवन:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कोविड-19 के संक्रमण, प्रसार और इससे मृत्यु की दर शहरी क्षेत्रों मे अधिक है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार के पास कोविड-19 जैसी महामारी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए भीड़भाड़ वाले शहरी सार्वजनिक स्थलों में फ्लैश-जन संसूचन स्कैनर स्थापित कर संक्रमित व्यक्तियों की तत्काल पहचान करने का कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**कोयला खनन परियोजनाओं का पारिस्थितिकीय प्रभाव**

**†3145. श्री अनुभव मोहंती:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने ओडिशा के संबलपुर जिले में तालाबीरा कोयला खनन परियोजनाओं को मंजूरी दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने खनन गतिविधियों के कारण जंगल और आसपास के गांवों पर इस परियोजना के प्रतिकूल पारिस्थितिकीय प्रभाव पर विशेषज्ञों से आकलन एकत्र किया था; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो सरकार द्वारा उस क्षेत्र में खनन के प्रतिकूल प्रभाव का आकलन किस प्रकार किए जाने की संभावना है?

**पटाखों पर प्रतिबंध**

**†3146. श्रीमती लॉकेट चटर्जी:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश भर में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का विचार है;

†मूल अंग्रेजी में

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने पटाखों के प्रयोग से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों का मूल्यांकन किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**महिलाओं और बच्चों का यौन-शोषण तथा दुर्व्यापार**

**†3147. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कोविड-19 के कारण स्कूल बंद होने के कारण बाल श्रम के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों के शोषण और दुर्व्यापार के मामलों में वृद्धि पर ध्यान दिया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और महामारी के दौरान प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**संचारी रोगों की रोकथाम**

**†3148. श्री पल्लब लोचन दास:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का संचारी रोगों विशेष रूप से कोविड-19 की रोकथाम के लिए कार्यक्रम शुरू करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश में संचारी रोगों की गंभीरता के संबंध में कोई अध्ययन किया है, और ऐसी बीमारियों के नियंत्रण के लिए क्या पहल की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) सरकार द्वारा ऐसी बीमारियों को नियंत्रित करने हेतु नागरिकों में खान-पान की आदतों और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा संचारी रोगों को नियंत्रित करने के लिए परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्रों को सरकार द्वारा दी गई वित्तीय सहायता का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**व्यापक तंबाकू नियंत्रण नीति**

**†3149. श्री नवनित रवि राणा:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि आइसलैंड, भूटान जैसे विभिन्न देशों में धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाने के परिणामस्वरूप धूम्रपान में कमी आई है;

(ख) क्या सरकार गंभीर अंतर-मंत्रालयी परामर्श और अन्य हितधारकों के विचारों का पता लगाने के बाद एक व्यापक तंबाकू नियंत्रण नीति लाने की योजना बना रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**ओपिऑइड टैबलेट का अवैध उत्पादन**

**†3150. श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन':**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश में अवैध रूप से कई फार्मा कंपनियों द्वारा ओपिऑइड टैबलेट का उत्पादन किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों में देश भर में ओपिऑइड ट्रामाडोल टैबलेट के अवैध निर्माण और विपणन के कितने मामले सामने आए हैं;

(ग) क्या उत्तर भारत ओपिओइड के निर्माण के केंद्रों में से एक है और यहां कई छापे मारे गए हैं तथा उक्त टैबलेट जब्त की गई हैं; और

(घ) यदि हां, तो क्या कार्रवाई की गई है और पिछले तीन वर्षों के दौरान इस संबंध में की गई सभी जब्तियों का ब्यौरा क्या है?

**मेगा निवेश वस्त्र पार्क**

**3151. श्री निहाल चन्द चौहान:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रस्तावित मेगा निवेश वस्त्र पार्क (मित्र) के मुख्य उद्देश्यों और विशेषताओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस योजना के लिए कोई लक्ष्य तय किया गया है अथवा आरक्षित निधि का सृजन किया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस योजना के अंतर्गत जिन क्षेत्रों को प्राथमिकता दिए जाने की संभावना है, उनका ब्यौरा क्या है तथा निर्यात हेतु क्या मदें दी गई है?

**बंद पड़े वस्त्र पार्कों को पुनर्जीवित करना**

**3152. श्री अनिल फिरोजिया:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उज्जैन में चल रही छह वस्त्र मिलों और बड़ी संख्या में कपास ओटाई कारखानों को पुनर्जीवित करने की कोई योजना बनाई है, जो अब समय के साथ बंद हो गई हैं;

---

†मूल अंग्रेजी में

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार केंद्रीय बजट 2021 में प्रस्तावित सात वस्त्र पार्कों में से उक्त बंद पड़े ओटाई कारखानों और मिलों के स्थान पर उज्जैन, मध्य प्रदेश में वस्त्र पार्क स्थापित करने की योजना बना रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**पर्यावरण प्रभाव आकलन**

**†3153. प्रो. सौगत राय:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 के अतर्गत उल्लंघनों की पहचान करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में राज्य-वार ऐसे कितने उल्लंघनों का पता चला है;

(ग) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि कुछ राज्य सरकारें ऐसे उल्लंघनों को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करने की अनिच्छुक हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**भूमंडलीय तापन**

**3154. श्री सुनील कुमार पिन्टू:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जलवायु पर भूमंडलीय तापन के संभावित प्रभावों के संबंध में कोई आकलन किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कारण देश की जलवायु पर कितना प्रभाव पड़ा; और

(ग) सरकार द्वारा पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए की गई/की जा रही पहलों का ब्यौरा क्या है?

**बच्चों का नियमित टीकाकरण**

**†3155. श्री बृजेन्द्र सिंह:**
**श्री भर्तृहरि महताब:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ द्वारा जारी किए गए एक अनुमान के अनुसार, कोविड-19 महामारी की अवधि के दौरान देश में बच्चों के टीकाकरण में तीव्र गिरावट देखी गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) देश में मिशन इंद्रधनुष और सघन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई) के अंतर्गत टीकाकरण किए गए बच्चों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तथा वैक्सीन-वार संख्या कितनी है; और

(घ) महामारी के कारण देश में नियमित टीकाकरण से छूट गए बच्चों की अनुमानित संख्या कितनी है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं?

**महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा**

**3156. श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंत:**

**श्री एम. बदरुद्दीन अजमल:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार रोगों में वृद्धि के साथ-साथ कोविड-19 की तीसरी लहर की आशंका को ध्यान में रखते हुए महिलाओं, विशेषकर गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा/उपचार की गारंटी प्रदान करती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या महिलाओं के स्वास्थ्य/उपचार की देखभाल करने के लिए सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में स्वास्थ्य परिचर्या केंद्रों में पर्याप्त स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाएं प्रदान करने के लिए कोई विशिष्ट योजना कार्यान्वित की जा रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या पूरे देश में विशेषकर महिला विशिष्ट रोगों के उपचार के लिए अस्पतालों की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार, विशेषकर असम का, ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

**वस्त्र उत्पादन**

**3157. श्री रामशिरोमणि वर्मा:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान वस्त्र उत्पादन का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और उत्पाद-वार ब्यौरा क्या है;

---

†मूल अंग्रेजी में

(ख) उक्त अवधि के दौरान निर्यात किए गए परिधानों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कार्यान्वित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**सरकारी कार्यों में पितृसत्तात्मकता की समाप्ति**

**†3158. डॉ. डी. रविकुमार:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की जन्म प्रमाणपत्र और सभी सरकारी दस्तावेजों में मध्य नाम अथवा उपनाम के रूप में माता के नाम को शामिल करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है; और

(ग) मंत्रालय द्वारा सरकारी कार्यों में पितृसत्तात्मकता को समाप्त करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**कोराड़ी ताप विद्युत संयंत्र**

**†3159. श्री कृपाल बालाजी तुमाने:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय ने कोराड़ी थर्मल पावर प्लांट में ईंधन गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) नहीं लगाने के लिए महाराष्ट्र स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी (महाजेनको) को नोटिस जारी किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 7 दिसंबर, 2015 के अंतर्गत अब तक एफजीडी स्थापित करने के लिए प्रदान की गई समय-सीमा का अनुपालन न करने वाले विद्युत संयंत्रों के विरुद्ध विद्युत संयंत्र-वार क्या कार्रवाई की गई है; और

(ग) महाराष्ट्र में विभिन्न ताप विद्युत संयंत्रों में एफजीडी की स्थापना के लिए महाजेनको द्वारा संयंत्र-वार क्या कार्रवाई की गई है?

**प्रसार भारती में ई-ऑफिस**

**†3160. श्रीमती चिंता अनुराधा:**

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या प्रसार भारती के संचालन को शत-प्रतिशत कागज रहित बना दिया गया है और इसके सभी केंद्र ई-ऑफिस के रूप में कार्य कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) दूरदर्शन (डीडी) और आकाशवाणी के ऐसे केंद्रों तथा कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है, जिन्होंने ई-ऑफिस के संचालन को अपनाया है?

**रेटिंग मापन में अनियमितताएं**

**†3161. सुश्री मिमी चक्रवर्ती:**

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बीएआरसी) देश में विश्व का सबसे बड़ा टेलीविजन मापन विज्ञान उद्योग संबंधी निकाय है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके मुख्य कार्य क्या हैं;

(ख) क्या सरकार को टीवी चैनलों की रेटिंग/दर्शकों की संख्या मापने के संबंध में अनियमितताओं की कोई शिकायत मिली है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विभिन्न चैनलों के लिए पारदर्शी रेटिंग प्रणाली स्थापित करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है?

**आईसीडीएस में अनियमितताएं**

**†3162. श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विभिन्न राज्यों में एकीकृत बाल विकास योजना के कार्यान्वयन के संबंध में उनके मंत्रालय को नियमित रूप से कई शिकायतें की गई हैं;

(ख) यदि हां, तो शिकायतों की प्रकृति क्या है और उनके निपटान का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने योजना में सुधार की आवश्यकता महसूस की है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं/किए जाने का प्रस्ताव है?

**जल विद्युत परियोजनाओं द्वारा पर्यावरण मानकों का उल्लंघन**

**3163. डॉ. रमापति राम त्रिपाठी:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में कुछ जल विद्युत परियोजनाओं द्वारा पर्यावरणीय मानदंडों के उल्लंघन पर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने ऐसे उल्लंघनकर्ताओं को आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने के लिए निर्देश जारी किए हैं और यदि हां,

†मूल अंग्रेजी में

तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसका उल्लंघन करने वालों की प्रतिक्रिया क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में अन्य कौन-कौन से सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

**नैदानिक कार्डियोलॉजी में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा**

**†3164. श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से नैदानिक कार्डियोलॉजी में स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारकों को राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा अनुमोदन में देरी के कारण कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और यदि हां, तो उस पर क्या कार्रवाई की गई है;

(ख) क्या माननीय उच्च न्यायालय, दिल्ली ने इस संबंध में कतिपय निर्देश दिए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की गई है; और

(ग) क्या सरकार एनएमसी के निर्णय को रद्द करने के लिए सक्षम है और यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्रवाई की गई/किये जाने का प्रस्ताव है?

**हितधारकों के बीच विचार-विमर्श**

**†3165. श्री मनीश तिवारी:**

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थों और डिजिटल मीडिया आचार संहिता के लिए दिशानिर्देश) नियमों, 2021 के प्रख्यापन से पहले सूचना और प्रसारण मंत्रालय और इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच अंतर-मंत्रालयी विचार-विमर्श किया गया था एवं यदि हां, तो इस विचार-विमर्श का तारीखों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मंत्रालय द्वारा केबल टीवी नेटवर्क (संशोधन) नियमों, 2021 को प्रख्यापित करने से पहले हितधारकों से विचार-विमर्श किया गया था और यदि हां, तो इस विचार-विमर्श का तारीखों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि उपर्युक्त नियमों को देश भर में कई न्यायालयों में चुनौती दी गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में प्राप्त विधायी अनुमोदन की स्थिति क्या है?

**कैम्पा निधियों के उपयोग हेतु दिशा-निर्देश**

**3166. श्रीमती संध्या राय:**

**श्री ए. राजा:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार प्रतिकारात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (सीएएमपीए) निधि के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने विभिन्न राज्यों द्वारा कैम्पा निधियों के व्यय/उपयोग के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पिछले दो वर्षों में से प्रत्येक के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार आवंटित कैम्पा निधियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या इसके व्यय या कार्यान्वयन के संबंध में कोई निगरानी समिति गठित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) मंत्रालय किस तरीके से यह सुनिश्चित करेगा कि कैम्पा निधियों का उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया जाए जिसके लिए उन्हें जारी किया गया है?

**निर्भया योजना**

**†3167. श्री प्रताप सिम्हा:**
**श्री बी.वाई. राघवेन्द्र:**
**श्री कृपानाथ मल्लाह:**
**श्रीमती जसकौर मीना:**
**श्री तेजस्वी सूर्या:**
**श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले:**
**डॉ. उमेश जी. जाधव:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) निर्भया योजना/वन स्टॉप सेंटर की मुख्य विशेषताएं और इनके उद्देश्य क्या हैं और इसके तहत अब तक निर्धारित लक्ष्य और प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान इस योजना के तहत आवंटित, स्वीकृत और उपयोग की गई धनराशि का कर्नाटक, राजस्थान और असम सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस योजना के तहत राज्यों को आवंटित राशि का पूरी तरह से उपयोग नहीं किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

†मूल अंग्रेजी में

(घ) योजना के तहत राजस्थान और असम सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने केंद्र स्थापित किए गए हैं; और

(ङ) क्या सरकार उक्त योजना के तहत ऐसे और केंद्र खोलने पर विचार कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ये राजस्थान और असम सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कब तक चालू हो जाएंगे?

**भावी महामारी के लिए नीतियाँ तैयार करना**

**†3168. श्री लालूभाई बी. पटेल:**
**श्री बी.बी. पाटील:**
**श्री खगेन मुर्मु:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इस बात का संज्ञान लिया है कि टीकाकरण अभियान को मजबूत करने के अलावा, तीसरी लहर या भविष्य की महामारियों के लिए तैयारियों में सुधार हेतु स्वास्थ्य नीतियों को विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या पहल की गई है/की जा रही है; और

(ग) सरकार द्वारा वैज्ञानिक निष्कर्षों को लोक स्वास्थ्य नीतियों और पद्धतियों में बदलने में समर्थ बनाने के लिए प्राकृतिक और सामाजिक वैज्ञानिकों के बीच समन्वय को मजबूत करने हेतु क्या उपाय किए गए/किये जा रहे हैं?

**गरीबों को मुफ्त दवाएं**

**3169. श्री संजय जाधव:**
**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:**
**श्री अनुराग शर्मा:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने समाज के गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों अर्थात् एससी, एसटी और ऐसे अन्य लोगों को मुफ्त दवा उपलब्ध कराने के लिए कोई योजना शुरू की है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इस उद्देश्य के लिए खरीदी गई दवाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के साथ मिलकर कोई व्यवस्था की है एवं यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) निर्धन रोगियों को नि:शुल्क उपलब्ध करायी गयी जीवनरक्षक औषधियों सहित दवाओं की लक्षित संख्या कितनी है एवं इस प्रयोजन के लिए आज की तारीख तक उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है और ऐसी खरीदी गई औषधियों की गुणवत्ता किस सीमा तक सुनिश्चित की जाती है; और

(ङ) सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने के लिए गरीब मरीजों को जीवनरक्षक दवाएं और जेनेरिक दवाएं मुफ्त में वितरित करने हेतु अन्य कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं?

**कोविड-19 महामारी का आकलन**

**†3170. श्री बालूभाऊ** उर्फ **सुरेश नारायण धानोरकर:**
**श्री के. नवासखनी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने दूसरी लहर के आगमन से पहले भारत में कोविड-19 महामारी की समाप्ति के संबंध में किए गए गलत आकलन पर ध्यान दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त मूल्यांकन भारत के कोविड-19 राष्ट्रीय कार्य बल (एनटीएफ) की सिफारिशों पर किया गया था और इसके द्वारा समर्थन किया गया था;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो एनटीएफ की सहमति के बिना ऐसा आकलन करने के क्या कारण हैं?

**बाल यौन शोषण के लंबित मामले**

**†3171. श्री विष्णु दयाल राम:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान विभिन्न न्यायालयों में लंबित बाल यौन शोषण के मामलों का राज्य और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने देश के विभिन्न न्यायालयों में लंबे समय से लंबित ऐसे मामलों को कम करने/निपटाने के लिए कोई विशेष योजना बनाई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**जंगली पादप संसाधनों संबंधी अध्ययन**

**†3172. श्री प्रतापराव जाधव:**
**श्री बिद्युत बरन महतो:**
**श्री मनोज तिवारी:**
**श्री सुधीर गुप्ता:**
**श्री चंद्र शेखर साहू:**
**श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:**
**श्री रविन्दर कुशवाहा:**

†मूल अंग्रेजी में

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:**
**श्री सुब्रत पाठक:**
**श्री रवि किशन:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय वानस्पतिक सर्वेक्षण (बीएसआई) देश के जंगली पादप संसाधनों के बारे में वर्गिकीय/पुष्प संबंधी अध्ययन कर रहा है और यदि हां, तो उक्त अध्ययनों का ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम रहे;

(ख) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान बीएसआई द्वारा आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) बीएसआई के विभिन्न केंद्रों के क्रियाकलापों का ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान उनकी उपलब्धियां क्या हैं;

(घ) क्या इस अवधि के दौरान, विशेषकर कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान बीएसआई को अपने उद्देश्यों और अधिदेशों को पूरा करने में किसी प्रकार की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक/उपचारात्मक कार्रवाई की गई है?

**जाली समाचार पर खोज, आकलन, सृजन और लक्ष्य (एफएसीटी) जांच मॉड्यूल**

**†3173. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:**
**डॉ. सुकान्त मजूमदार:**
**श्री विनोद कुमार सोनकर:**
**श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या):**
**श्री राजा अमरेश्वर नाईक:**
**श्री भोला सिंह:**
**डॉ. जयंत कुमार राय:**

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्मों पर फर्जी समाचारों की बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लिया है और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत एक फैक्ट (एफएसीटी) जांच माड्यूल स्थापित करने का निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने मूल रूप से चार सिद्धांतों, खोज, आकलन, सृजन और लक्ष्य (एफएसीटी), जिसमें ऑनलाइन समाचार स्रोतों और सोशल मीडिया पोस्ट की चौबीसों घंटे निगरानी शामिल है, के आधार पर एक फैक्ट जांच माड्यूल बनाने की योजना बनाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या निकट भविष्य में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में एफएसीटी जांच तंत्र का भी विस्तार किया जा सकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत दो वर्षों के दौरान सरकार और सरकारी प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सूचित किए गए फर्जी समाचारों के ऐसे मामलों की संख्या कितनी है और उस पर क्या कार्रवाई की गई है?

**हथकरघा संवर्धन सहायता योजना**

**†3174. श्री गजानन कीर्तिकर:**
**श्री गौतम सिगामणि पोन:**
**श्री धनुष एम. कुमार:**
**श्री जी. सेल्वम:**
**श्री सी.एन. अन्नादुरई:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) हथरकघा बुनकरों के लिए हथकरघा संवर्धन सहायता (एचएसएस) योजना के कार्यान्वयन और उपलब्धियों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) सरकार द्वारा महाराष्ट्र और तमिलनाडु राज्य में एचएसएस योजना के अंतर्गत आज की तारीख तक कुल कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है;

(ग) क्या सरकार ने योजना के बारे में हथकरघा बुनकरों के बीच जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम रहे;

(घ) उक्त राज्यों में एचएसएस योजना के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग और महिला लाभार्थियों की आज की तिथि में संख्या कितनी है; और

(ङ) क्या सरकार ने एचएसएस योजना के कार्य-निष्पादन का आकलन किया है और यदि हां, तो मूल्यांकन का ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम रहे?

**कोविड की तीसरी लहर के संबंध में राज्यों से प्रस्ताव**

**3175. श्री अरुण साव:**
**श्री सुनील कुमार सोनी:**
**श्री विजय बघेल:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर के प्रबंधन के संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और राज्य में चिकित्सा अवसंरचना ढांचे के विकास के लिए कितनी निधि की मांग की गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

†मूल अंग्रेजी में

(ग) उस पर क्या कार्रवाई की गई है और आज की तिथि तक कितनी सहायता राशि प्रदान की गई है?

**जंगली जानवरों द्वारा फसलों को नुकसान**

**3176. श्रीमती रंजीता कोली:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या किसानों की फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राज्य सरकारों द्वारा उक्त दिशानिर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर केंद्र सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

**एकीकृत ऊन विकास कार्यक्रम का प्रभाव**

**†3177. श्री रितेश पाण्डेय:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एकीकृत ऊन विकास कार्यक्रम का प्रभाव मूल्यांकन चल रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस योजना ने किस तरह से हाशिए पर रह रहे समूहों जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और कम आय वाली महिलाओं को राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार प्रभावित किया है;

(ग) यदि नहीं, तो सरकार इस योजना की प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट कब तक जारी करने की योजना बना रही है; और

(घ) क्या सरकार इस रिपोर्ट में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और कम आय वाली महिलाओं को दिए जाने वाले लाभों का ब्यौरा शामिल करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**कोविड-19 टीकाकरण में बाधाएं**

**†3178. श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी:**
**श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी:**
**श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत के 70 प्रतिशत युवाओं और मध्यम आयु वर्ग की कामकाजी जनसंख्या को टीका लगाने के लिए अत्यधिक वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता हो सकती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस उद्देश्य के लिए अपेक्षित निधि की मात्रा कितनी है;

(ख) क्या सरकार सार्वभौमिक टीकाकरण सुनिश्चित नहीं कर पाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या नई नीति और पूर्व में बनाई गई/कार्यान्वित की गई कुछ नीतियों के कारण राज्यों की वित्तीय स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है, वैक्सीन खरीद अव्यवस्थित हो रही है, कीमतों में वृद्धि हो रही है, गरीब व्यक्तियों का टीकाकरण नहीं हो रहा है जिससे सार्वभौमिक टीकाकरण में बाधा उत्पन्न हो रही है और लोगों की कोविड-19 की चपेट में आने की संभावनाएं बढ़ रही हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और तेलंगाना सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

**कोविड-19 से सुरक्षा के लिए नाक से दिए जाने वाले टीके**

**†3179. श्री बी.बी. पाटील:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का कोविड-19 से सुरक्षा के लिए नाक से दिए जाने वाले टीके का विनिर्माण करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में किए गए परीक्षण का ब्यौरा क्या है और उनके क्या परिणाम रहे; और

(ग) क्या सरकार के पास समयबद्ध तरीके से देशभर में टीकाकरण करने के लिए पर्याप्त तंत्र उपलब्ध है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**तम्बाकू उत्पादों पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी**

**3180. श्री मोहनभाई कुंडारिया:**
**श्री दीपसिंह शंकरसिंह राठौड़:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तंबाकू उत्पादों के पैक पर दर्शाई जाने वाली स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी के नए सेट अधिसूचित कर दिए गए हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**मेडिकल और नर्सिंग कॉलेज**

**†3181. श्री तेजस्वी सूर्या:**
**श्री प्रताप सिम्हा:**

†मूल अंग्रेजी में

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर के मेडिकल कॉलेजों में यू.जी. और पी.जी. सीटों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) देश भर में प्रत्येक नर्सिंग पाठ्यक्रम में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार नर्सिंग सीटों की कुल संख्या कितनी है;

(ग) 2014 से पहले देश में स्थापित किए गए और 2014 के बाद खोले गए मेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों की कुल संख्या कितनी है और 2014 से यूजी, पीजी और नर्सिंग सीटों की संख्या में वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल कितनी वृद्धि हुई है; और

(घ) 2014 से अब तक देश में स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली में शामिल हुए एलोपैथिक चिकित्सकों और नर्सों की अनुमानित संख्या कितनी है?

**आयुर्वेदिक चिकित्सक**

**†3182. श्री बंदी संजय कुमार:**

क्या **आयुष** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या प्राचीन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से कोविड-19 रोग को ठीक करने में बहुत लाभ मिलता है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पद्धति के तहत कोविड-19 रोगियों हेतु की गई सिफारिशें क्या हैं;

(ख) क्या सरकार को यह जानकारी है कि कई आयुर्वेदिक चिकित्सक, पारंपरिक वंशानुगत पारिवारिक व्यक्ति, जिनके पूर्वज आयुर्वेदिक चिकित्सक थे, अपनी दवाएं लेकर आए हैं और रोगियों में वायरस को नियंत्रित करने में सफलता का दावा करते हैं;

(ग) यदि हां, तो ऐसे चिकित्सकों/व्यक्तियों और उनकी दवाओं का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) देश भर में कोविड-19 रोगियों के उपचार में लगे आयुर्वेदिक चिकित्सकों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है; और

(ङ) क्या सरकार ने उन्हें अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता के रूप में माना था और टीकाकरण में प्राथमिकता दी थी और यदि हां, तो देश में विशेष रूप से तेलंगाना राज्य में आयुर्वेदिक डॉक्टरों को लगाए गए टीके का ब्यौरा क्या है?

**आयुर्वेद में उत्कृष्ट संस्थान**

**†3183. श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले:**
**डॉ. उमेश जी. जाधव:**
**श्री बी. वाई. राघवेन्द्र:**
**प्रो. सौगत राय:**
**श्री प्रताप सिम्हा:**

क्या **आयुष** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का एम्स की भांति कर्नाटक सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार आयुर्वेद में उत्कृष्ट राष्ट्रीय संस्थान स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश के प्रमुख आयुर्वेदिक संस्थानों का ब्यौरा क्या है?

**सी.जी.एच.एस. संपूर्ण स्वास्थ्य केन्द्रों में ए.एल.सी. की नियुक्ति**

**†3184. श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:**
**डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:**
**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:**
**श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:**
**श्री रतनसिंह मगनसिंह राठौड़:**
**डॉ. सुभाष रामराव भामरे:**
**श्री कुलदीप राय शर्मा:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा सी.जी.एच.एस. सम्पूर्ण स्वास्थ्य केन्द्रों में मांग की गई आयुर्वेदिक दवाओं की आपूर्ति के लिए अधिकृत स्थानीय केमिस्ट (ए.एल.सी.) की नियुक्ति के लिए निर्धारित मानदंड क्या हैं और सी.जी.एच.एस. सम्पूर्ण स्वास्थ्य केन्द्रों में नियुक्त किए गए ए.एल.सी. की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या आयुर्वेदिक दवाओं की आपूर्ति के लिए नियुक्त अधिकांश ए.एल.सी. एक सप्ताह के बाद भी मांग की गई दवा की आपूर्ति करने में सक्षम नहीं है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार के पास ए.एल.सी. द्वारा मांग की गई दवा आपूर्ति करने में विफल रहने पर प्रस्तुत किए गए बिलों की प्रतिपूर्ति के लिए कोई दिशानिर्देश हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने इस तथ्य पर ध्यान दिया है कि ए.एल.सी. मांग की गई दवा देने में विफल होने पर बिल जमा करने के कई महीनों बाद तक दिल्ली में सी.जी.एच.एस. कार्डधारकों को राशि की प्रतिपूर्ति नहीं कर रहा है और यदि हां, तो इस संबंध में क्या आवश्यक कदम उठाए गए हैं?

**राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र**

**†3185. डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:**
**श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:**
**श्री रतनसिंह मगनसिंह राठौड़:**
**डॉ. सुभाष रामराव भामरे:**
**श्री. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:**

---

†मूल अंग्रेजी में

**श्री कुलदीप राय शर्मा:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एन.सी.डी.सी.) की नई शाखाओं की स्थापना को मंजूरी दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस उद्देश्य के लिए कितना वित्तीय परिव्यय हुआ है;

(ख) देश में वर्तमान में कार्यरत एन.सी.डी.सी. शाखाओं की संख्या कितनी है और इन केंद्रों में कार्यरत कर्मचारियों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र/श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने एन.सी.डी.सी. में विभिन्न विभागों के प्रमुखों की नियुक्ति के लिए कोई मानदंड निर्धारित किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पहली और दूसरी लहर के दौरान कोविड-19 वैश्विक महामारी के खिलाफ लड़ाई में एन.सी.डी.सी. द्वारा निभाई गई भूमिका का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या स्टाफ की कमी ने एन.सी.डी.सी. के कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा एन.सी.डी.सी. को मजबूत करने और इसकी प्रयोगशालाओं/भवनों और बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

### वस्त्र क्षेत्र का विकास

**†3186. डॉ. हिना विजयकुमार गावीत:**
**श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:**
**डॉ. सुजय विखे पाटील:**
**श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल:**
**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले चार वर्षों के दौरान वस्त्र क्षेत्र में सुधार और विकास के लिए कई कदम उठाए गए हैं जिनमें मुख्य रूप से प्रौद्योगिकी उन्नयन, अनुसंधान और विकास, मानव संसाधन में निवेश और बाजार को बढ़ावा देना शामिल है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) 2020-21 में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) में वस्त्र उद्योग का हिस्सा कितना है;

(घ) वर्ष 2019-20 और 2020-21 के दौरान वस्त्र उद्योग विशेष रूप से मध्यम और लघु उद्योगों में सृजित रोजगार का ब्यौरा क्या है;

(ङ) 2009-21 के बीच वस्त्र निर्यात से अर्जित राजस्व का ब्यौरा क्या है; और

(च) 2009 और 2021 के बीच निर्यात में तकनीकी वस्त्र का हिस्सा कितना है?

### अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली में रोगियों की संख्या

**3187. श्री राहुल कस्वां:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली में रोगियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में आने वाले रोगियों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा उक्त संस्थान में आने वाले रोगियों का कुशल तरीके से समय पर उपचार करने के लिए क्या आवश्यक कदम उठाए गए हैं?

### एन.एच.एम. के तहत स्वास्थ्य संस्थानों का उन्नयन/आधुनिकीकरण

**†3188. श्री जुएल ओराम:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान और अनुसंधान संस्थानों को उन्नयन करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए पहचान किए गए मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों का राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) विकसित किए जाने के लिए प्रस्तावित बुनियादी ढांचे और ऐसे संस्थानों में प्रदान किए जाने के लिए प्रस्तावित अतिरिक्त सुविधाओं का ब्यौरा क्या है?

### अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह का हवाई मानचित्रण

**†3189. श्री रघु राम कृष्ण राजू:**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या समुद्र तल की बेहतर तस्वीर प्राप्त करने की दृष्टि से भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (आई.एन.सी.ओ.आई.एस.) का राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र

†मूल अंग्रेजी में

(एन.आर.एस.सी.) के साथ अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह का हवाई मानचित्रण करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और हवाई मानचित्रण करने की क्या आवश्यकता है;

(ग) क्या समुद्र तल के नीचे भूस्खलन की बढ़ती संख्या और ऐसे अन्य अचानक समुद्र/महासागर खतरों के कारण उक्त हवाई मानचित्रण किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) पिछले पांच वर्षों में हुई प्रगति और उस पर खर्च की गई राशि के संबंध में ऐसी प्रत्येक परियोजना का ब्यौरा क्या है?

**भारतीय आयुर्वेद परिषद**

**†3190. श्री परबतभाई सवाभाई पटेल:**
**श्री देवजी पटेल:**
**श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे:**
**श्री नारणभाई काछड़िया:**
**श्री सुनील कुमार सिंह:**

क्या **आयुष** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद की तर्ज पर भारतीय आयुर्वेद परिषद का गठन करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

**अनिवार्य आर.टी.पी.सी.आर. जांच रिपोर्ट**

**†3191. श्री पी.सी. मोहन:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को यह ज्ञात है कि कुछ राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों ने टीकाकरण के बाद भी अपने राज्य क्षेत्र में प्रवेश के लिए आर.टी.पी.सी.आर. रिपोर्ट को अनिवार्य कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस बात की संभावना है कि सरकार ऐसे राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से सिफारिश करेगी/उन्हें निदेश जारी करेगी कि वे टीका ले चुके लोगों को आर.टी.पी.सी.आर. की रिपोर्ट की अनिवार्यता से छूट दें; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**शवदाह गृह वर्कर्स को फ्रंटलाइन वर्कर्स का दर्जा देना**

**†3192. श्रीमती अपरूपा पोद्दार:**
**श्री टी.एन. प्रथापन:**
**श्री मनीश तिवारी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को ज्ञात है कि बहुत से शवदाह गृह वर्कर्स, दाह संस्कार वर्कर्स तथा कब्रिस्तान वर्कर्स संक्रमित हुए हैं तथा कोविड-19 के कारण उनकी मौत हो गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार की कब्रिस्तान, शवदाह गृह तथा दाह संस्कार वर्कर्स को फ्रंटलाइन वर्कर्स का दर्जा देने की योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने इन वर्कर्स को सुरक्षा किट प्रदान करने, पहले टीकाकरण करने सहित अन्य वित्तीय सहायता पैकेज देने की कोई योजना बनाई है या बनाने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी पैकेज का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**हिमालय क्षेत्र में प्रदूषण**

**3193. श्रीमती रंजनबेन भट्ट:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को यह ज्ञात है कि देश के शहरी क्षेत्रों के कारण हिमालय क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का शहरी प्रदूषकों द्वारा उत्सर्जित कार्बन से हिमालय को बचाने के लिए कोई कदम उठाने का प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं,तो इसके क्या कारण हैं?

**औषधीय पौधे**

**†3194. श्री नलीन कुमार कटील:**

क्या **आयुष** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथी को बढ़ावा दे रही है; और

†मूल अंग्रेजी में

(ख) क्या सरकार को इस बारे में कोई अनुमान है कि कितने किसान औषधीय पौधों की खेती करते हैं और उन्हें आयुष योजना के तहत लाभ मिला है और यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**ग्रामीण क्षेत्र में एम्बुलेंस सेवा की कमी**

**3195. श्री जुगल किशोर शर्मा:**
**श्रीमती गीता कोडा:**
**श्री दिलेश्वर कामैत:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के अंतर्गत एम्बुलेंस सेवा के वित्तपोषण के लिए कोई योजना लाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत झारखंड और बिहार को दी गई सामान्य और गंभीर उपचार एम्बुलेंस की संख्या क्या है; और

(ग) देश में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, एम्बुलेंस की कमी को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**बच्चों के विरुद्ध अपराध**

**†3196. श्री दिलीप शइकीया:**
**श्री रमेश चन्द्र कौशिक:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान बच्चों के विरुद्ध अपराध की संख्या में वृद्धि की ओर गया है और यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान असम सहित देश में सूचित ऐसे मामलों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या क्या है;

(ख) क्या पूरे देश में बाल गृहों/अनाथालयों की नियमित समीक्षा की जाती है, यदि हां, तो असम और हरियाणा सहित राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा और परिणाम क्या हैं;

(ग) क्या सरकार को ऐसे बाल गृहों में रहने वाले बच्चों के साथ अत्याचार की शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

**कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी**

**3197. श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण और सुरक्षा को बढ़ाने हेतु कोई नीति बनाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस दिशा में कोई कदम उठाया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल देखभाल और शिक्षा नीति**

**†3198. श्री गिरीश भालचन्द्र बापट:**
**डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:**
**श्री राहुल रमेश शेवाले:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या प्री-स्कूल शिक्षा, जो प्ले स्कूल, प्री-स्कूल, नर्सरी स्कूल आदि नामों से विभिन्न शिक्षण संस्थानों में दिया जा रहा है की निगरानी के लिए मंत्रालय ने राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल देखभाल और शिक्षा नीति शुरू की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस संबंध में कोई आकलन कराया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा प्री-स्कूल शिक्षा को विनियमित करने के लिए दिशा-निर्देश क्या हैं; और

(ग) क्या इस दिशा-निर्देश में सुरक्षा और संरक्षा के अतिरिक्त शिक्षक-छात्र अनुपात, पाठ्यक्रम, अवसंरचना, प्री-स्कूल में प्रवेश की उम्र जैसे मुद्दे शामिल हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**बीचों की स्वच्छता**

**†3199. श्री रवनीत सिंह:**
**श्री सु. थिरुनवुक्करासर:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में ऐसे बीचों की संख्या कितनी है जिन्हें ब्लूटैग मिला हुआ है जो विश्व में सर्वोत्तम स्वच्छ बीचों को प्रदान किया जाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या बीचों पर जाने वाले पर्यटकों की मुख्य चिंता बीचों और वाटरवेज के प्रदूषण का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और बीच प्रदूषण का मुख्य स्रोत क्या है;

(ग) क्या देश के विभिन्न भागों में बीचों पर स्वच्छता के उच्च स्तर तथा साफ-सफाई के मानक को बनाए रखने के लिए राज्यों को सहायता प्रदान करने के लिए सरकार कोई उपाय कर रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

†मूल अंग्रेजी में

(ङ) विश्व में अपनी रैंकिंग ठीक करने के लिए स्वच्छता में सुधार करने हेतु तथा इन्हें विरूपित करने वालों पर भारी जुर्माना लगाने के लिए सरकार द्वारा कौन से अन्य कदम उठाए गए हैं?

**विज्ञान ज्योति कार्यक्रम**

**3200. श्री सुमेधानन्द सरस्वती:**

**श्री रामदास तडस:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या छात्रों द्वारा विज्ञान और प्रौद्योगिकी को अपना कैरियर बनाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए मंत्रालय विज्ञान ज्योति कार्यक्रम क्रियान्वित कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस कार्यक्रम के प्रारंभ से इसमें आई चुनौतियां और प्राप्त उपलब्धियां क्या हैं;

(ग) ऐसे जवाहर नवोदय विद्यालयों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या क्या है जिनमें यह कार्यक्रम चल रहा है; और

(घ) क्या सरकार इस कार्यक्रम को और ज.न.वि. में विस्तारित करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**भागलपुर में मल्टी स्पेशिएलिटी अस्पताल**

**3201. श्री अजय कुमार मंडल:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भागलपुर में केंद्र प्रायोजित योजना के तहत प्रस्तावित मल्टी स्पेशिएलिटी अस्पताल के कार्य की शुरुआत की स्थिति क्या है; और

(ख) यह कार्य कब तक प्रारंभ होने की संभावना है?

**केंद्र प्रायोजित योजनाओं का कार्यान्वयन**

**†3202. श्री एम. बदरुद्दीन अजमल:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उनके मंत्रालय द्वारा वर्तमान में कार्यान्वित की जा रही केंद्र प्रायोजित योजनाओं और प्रमुख कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उन राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के नाम क्या हैं जो योजनाओं/कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के संबंध में सबसे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, कम प्रदर्शन कर रहे हैं और औसत प्रदर्शन कर रहे हैं; और

(ग) वर्तमान वर्ष सहित पिछले पांच वर्षों के दौरान इन योजनाओं के लिए आवंटित और जारी की गई धनराशि तथा उपयोग की गई धनराशि के प्रतिशत का असम सहित योजना-वार, राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**मानव विकास सूचकांक 2020**

**†3203. डॉ. शशि थरूर:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय को इस बात की जानकारी है कि संयुक्त राष्ट्र संगठन द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक 2020 रैंकिंग में भारत दो स्थान नीचे आ गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने रिपोर्ट के उन निष्कर्षों पर ध्यान दिया है जो कुपोषण से संबंधित मुद्दों जैसे बौनापन और निर्बलता में वृद्धि की ओर इशारा करते हैं;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में क्या विशेष उपाय किए गए हैं;

(घ) क्या रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा में कम निवेश के कारण कुपोषण की घटनाओं में वृद्धि हुई है; और

(ङ) यदि हां, तो ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं?

**पशु-मानव संघर्ष**

**†3204. श्री डी.के. सुरेश:**
**श्रीमती सुमलता अम्बरीश:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि हाल के वर्षों में वन्यजीवों की संख्या में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि जंगलों में अपर्याप्त भोजन और पानी के कारण जंगली जानवर कृषि क्षेत्रों और मानव आवासों में अतिक्रमण करके खतरा पैदा कर रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने पशु-मानव संघर्ष के मुद्दे से निपटने के लिए पर्याप्त धनराशि निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**वनीकरण हेतु धनराशि**

**†3205. श्री कराडी सनगन्ना अमरप्पा:**

†मूल अंग्रेजी में

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वन भूमि के रूपांतरण के बाद वन भूमि का उपयोग करने वाले संगठनों/संस्थाओं से वनीकरण और अन्य संबंधित गतिविधियों हेतु धनराशि एकत्र करने के लिए कोई कानून तैयार किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त अधिनियम के अंतर्गत क्या नियम बनाए जाएंगे;

(ग) उक्त अधिनियम को सरकार द्वारा कब तक अधिसूचित किया जाएगा और केंद्र सरकार द्वारा 'कैम्पा' निधि के तहत कर्नाटक राज्य को वृक्षारोपण और अन्य कार्यकलापों के लिए मुआवजे की कितनी राशि जारी की जाएगी; और

(घ) कर्नाटक में वन्य जीव अभ्यारण्य और बाघ संरक्षण योजना के लिए 'कैम्पा' निधि के तहत केंद्र सरकार द्वारा कितनी राशि आबंटित की गई है?

**राष्ट्रीय उद्यानों का परिरक्षण**

**†3206. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान राष्ट्रीय उद्यानों के परिरक्षण के लिए सरकार ने राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल कितनी निधि खर्च की है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान राष्ट्रीय उद्यानों में पर्यटन के माध्यम से राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल कितना राजस्व अर्जित किया गया है; और

(ग) देश में राष्ट्रीय उद्यानों के संरक्षण और परिरक्षण तथा उक्त उद्यानों में पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने हेतु सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?

**आईसीडीएस के अंतर्गत सेवाओं की गुणवत्ता**

**3207. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार आईसीडीएस से संबंधित सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने और बिहार के कटिहार जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों की सुचारू और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए कोई प्रयास कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) अब तक 'पोषण' ट्रैकर ऐप में पंजीकृत आईसीडीएस लाभार्थियों की कुल संख्या कितनी है?

**आंगनबाड़ी सेवाओं पर कोविड-19 का प्रभाव**

**†3208. श्री वी.के. श्रीकंदन:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का आंगनबाड़ी सेवाओं पर महामारी के प्रभाव और बच्चों में कुपोषण के संबंध में पर एक सर्वेक्षण करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस बारे में 'पोषण' ट्रैकर पर राज्यों से फीडबैक ली है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**जेंडर चैंपियन**

**†3209. श्री श्याम सिंह यादव:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रत्येक विद्यालय और व्यावसायिक/कौशल विकास संस्थान में जेंडर-चैंपियनों को चिह्नित किया गया है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या करण हैं तथा जेंडर-चैंपियनों को चिह्नित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) जेंडर-चैंपियनों को चिह्नित करने के लिए प्राधिकृत अधिकारियों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) युवाओं के मध्य यौन-संवेदनशीलता में सुधार हेतु सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?

**अस्पतालों की जवाबदेही तय करना**

**†3210. श्री राम मोहन नायडू किंजरापु:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने अस्पतालों के प्रबंधन और रोगी की देखभाल में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कोई तंत्र स्थापित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) महामारी के दौरान अस्पतालों, प्राधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध दर्ज की गई शिकायतों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है और ऐसी कितनी शिकायतों का समाधान किया गया है;

†मूल अंग्रेजी में

(ग) सरकार का उक्त शिकायतों के निवारण के संबंध में अन्य क्या नए उपाय किए जाने का विचार है;

(घ) क्या सरकार का उक्त शिकायतों के पंजीकरण और त्वरित विचारण के लिए कोई विशेष तंत्र बनाने का विचार है; और

(ङ) आवश्यक चिकित्सा सामग्री आपूर्तियों की कालाबाजारी की समस्या को रोकने और इसका समाधान करने के लिए क्या आवश्यक कदम उठाए गए/उठाए जाने का विचार है और इस संबंध में दर्ज मामलों और जब्त की गई सामग्री का ब्यौरा क्या है?

**सिनेमा-प्रदर्शन पर जीएसटी दर**

**†3211. श्री मारगनी भरत:**

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में जीएसटी-प्रणाली लागू होने से पूर्व राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार सिनेमा-प्रदर्शन पर कर की दरें क्या थीं;

(ख) क्या मल्टीप्लैक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया तथा अन्य संगठन सिनेमा-प्रदर्शन पर जीएसटी दर कम करके 18 प्रतिशत करने का निवेदन कर रहे हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा मंत्रालय ने इस पर क्या कार्रवाई की है;

(घ) क्या इस पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाना एक प्रकार का दंडात्मक विधान है जिससे सिनेमा-दर्शक हतोत्साहित हो रहे हैं; और

(ङ) यदि हां, तो क्या इस संबंध में वित्त मंत्रालय तथा जीएसटी परिषद के साथ कोई चर्चा हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसका क्या निष्कर्ष रहा है?

**एनएफएसए के अंतर्गत अनुपूरक पोषक आहार**

**3212. श्री मितेष पटेल (बकाभाई):**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**,**

(क) क्या संसद द्वारा पारित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को पोषक आहार प्रदान करना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राज्य सरकारें प्रत्येक गर्भवती महिला को उसकी गर्भावस्था की संपूर्ण अवधि के दौरान और स्तनपान कराने वाली माताओं को बच्चे के जन्म के छह माह बाद तक तथा छह वर्ष की आयु तक के प्रत्येक बच्चे को नियमित रूप से पूरक पोषक आहार उपलब्ध नहीं करा रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या वर्ष में 300 दिनों की अवधि के आधार पर अनुपूरक पोषक आहार प्रदान किया जाता है;

(घ) यदि हां, तो क्या अनुपूरक पोषक आहार प्रदान करने की अवधि में कमी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के प्रावधान का उल्लंघन है; और

(ङ) यदि हां, तो इस अधिनियम के उल्लंघन के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

**सनसनीखेज समाचार**

**†3213. कुमारी राम्या हरिदास:**
**श्रीमती पूनम महाजन:**
**श्री राजेश नारणभाई चुड़ासमा:**

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने भारतीय समाचार चैनलों पर प्रसारित कोलाहलपूर्ण, सनसनीखेज और विवाद पूर्ण समाचार कार्यक्रमों/बहसों का संज्ञान लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने ऐसा पाया है कि ऐसे कार्यक्रमों में शिष्टता का अभाव होता है जिससे दर्शकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और यदि हां, तो इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि सरकार को गत तीन वर्षों के दौरान समाचार चैनलों के विरुद्ध प्रसारणगत दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने और फर्जी समाचार, घृणापूर्ण तथा विभाजनकारी एजेंडा प्रसारित करने की शिकायतें मिली हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा ऐसे समाचार चैनलों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है;

(घ) क्या यह भी सच है कि सरकार इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर होने वाली बहसों के लिए कोई आचार-संहिता या व्यापक दिशानिर्देश शुरू करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस संबंध में अंतिम निर्णय कब तक लिए जाने की संभावना है?

**ओटीटी प्लेटफार्मों का विनियमन**

**3214. श्री मलूक नागर:**
**श्रीमती शारदा अनिल पटेल:**
**श्री मितेष पटेल:**

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफार्मों पर प्रसारित हो रही आपत्तिजनक सामग्री के प्रसारण को रोकने के लिए नियम/कानून न होना समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और लोक मान्यताओं को क्षति पहुंचा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

---

†मूल अंग्रेजी में

(ख) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि उक्त प्लेटफार्मों पर उपलब्ध विषय-वस्तु किशोरों के मन में नकारात्मकता का संचार कर रही है और यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या सरकार की पूर्व में जारी अधिसूचना के अनुसार, ओटीटी प्लेटफॉर्म इस मंत्रालय के दायरे में आते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) ओटीटी प्लेटफॉर्मों को विनियमित करने और यह सुनिश्चित करने कि जनता की भावनाएं उनकी विषय-वस्तु/कार्यक्रमों से आहत न हो, के संबंध में किसी विशिष्ट कानून का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) फिल्मों की पाइरेसी से संबंधित मुद्दों को रोकने के लिए सरकार की क्या नीति है?

**आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के लिए मेक इन इंडिया स्मार्ट फ़ोन**

**3215. श्री प्रदीप कुमार सिंह:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लिखित रिकॉर्ड के स्थान पर डिजिटल रिकॉर्ड रखने में सक्षम बनाने के लिए मेक इन इंडिया स्मार्ट फोन उपलब्ध कराने हेतु कोई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या देश भर में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन उपलब्ध कराने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(घ) यदि हां, तो बिहार सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार अब तक कितने राज्यों में स्मार्ट फ़ोन उपलब्ध कराए गए हैं; और

(ङ) वर्ष 2019-20 और 2020-21 में इस प्रयोजनार्थ अब तक राज्य-वार कितनी धनराशि आबंटित और उपयोग की गई है?

**जनजातीय क्षेत्रों में कुपोषित बच्चे**

**3216. श्री कृष्णपालसिंह यादव:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) एकीकृत बाल विकास योजना (आईसीडीएस) तक पहुंच रखने वाले आदिवासी बच्चों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या कुपोषित आदिवासी बच्चों के लिए कोई विशेष निधि आबंटित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) मध्य प्रदेश में कुपोषित बच्चों के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है?

**तेलंगाना में कपास**

**†3217. श्री नामा नागेश्वर राव:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तेलंगाना में उगाई जाने वाली कपास सबसे लंबे और मजबूत धागे की होती है और यह देश में बढ़िया सूत बनाने के लिए उपलब्ध सर्वोत्तम कपास में से एक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) वारंगल और आदिलाबाद में कपास अनुसंधान केंद्रों की स्थापना सहित अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रीमियम कपास के रूप में तेलंगाना कपास की ब्रांडिंग करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**अंतर-सरकारी द्विपक्षीय समझौता**

**†3218. श्रीमती पूनम महाजन:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने द्वि-देशीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्रों, जो गत तीन वर्षों के दौरान अंतर-सरकारी द्विपक्षीय समझौतों के अंतर्गत स्थापित स्वतंत्र प्रतिष्ठान हैं, की सहायता हेतु कोई कार्यक्रम प्रारंभ किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी देश-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इन कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न देशों/संगठनों के साथ आपसी हित के चुनिंदा क्षेत्रों में सहयोग के विभिन्न तरीके क्या हैं; और

(घ) गत तीन वर्षों के दौरान इन द्विपक्षीय समझौतों के अंतर्गत कितने भारतीय वैज्ञानिक आपसी सहयोग के साथ वैज्ञानिक अनुसंधान का कार्य कर रहे हैं?

**हथकरघा संबंधी आरक्षित वस्तुएं**

**†3219. डॉ. संजीव कुमार शिंगरी:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि हथकरघे के लिए अधिसूचित विनिर्दिष्ट वस्तुओं का उत्पादन विद्युतकरघों द्वारा किया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने विद्युतकरघों द्वारा किए जा रहे नकली उत्पादन को रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

†मूल अंग्रेजी में

**स्वास्थ्य परिचर्या पर प्रति व्यक्ति व्यय**

**3220. श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में स्वास्थ्य परिचर्या पर प्रति व्यक्ति व्यय कितना है और सरकार और निजी क्षेत्र द्वारा इस पर अलग-अलग कितनी धनराशि व्यय की गई है;

(ख) क्या सरकार ने विशेष रूप से देश के गरीब लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कोई कार्य-योजना तैयार की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या आयुष्मान भारत योजना (एबीवाई) के अंतर्गत कवर नहीं किए गए लोगों के लिए सरकार का उक्त योजना के अलावा कोई नई स्वास्थ्य योजना शुरू करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**नई दिल्ली;**
31 *जुलाई*, 2021
9 श्रावण, 1943 (शक)

**उत्पल कुमार सिंह**
महासचिव

## अनुक्रमणिका
**(मंत्रालय-वार)**


| | | |
|---|---|---|
| **आयुष** | : | 3024, 3043, 3123, 3130, 3131, 3182, 3183, 3190, 3194 |
| **पृथ्वी विज्ञान** | : | 2992, 3013, 3034, 3038, 3050, 3060, 3138, 3189, 3117 |
| **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** | : | 2993, 2998, 3000, 3003, 3008, 3015, 3022, 3039, 3055, 3057, 3058, 3066, 3069, 3071, 3073, 3075, 3077, 3088, 3090, 3099, 3100, 3101, 3106, 3109, 3111, 3112, 3115, 3116, 3119, 3121, 3133, 3139, 3145, 3146, 3153, 3154, 3159, 3163, 3166, 3172, 3176, 3193, 3199, 3204, 3205, 3206 |
| **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** | : | 2991, 2994, 2995, 2996, 2999, 3001, 3004, 3006, 3007, 3009, 3010, 3011, 3012, 3014, 3017, 3027, 3028, 3030, 3031, 3033, 3035, 3036, 3037, 3040, 3045, 3048, 3054, 3059, 3070, 3072, 3074, 3076, 3078, 3079, 3081, 3082, 3083, 3084, 3085, 3086, 3087, 3089, 3094, 3095, 3103, 3107, 3108, 3110, 3118, 3122, 3126, 3128, 3129, 3132, 3134, 3137, 3142, 3144, 3148, 3149, 3150, 3155, 3156, 3164, 3168, 3169, 3170, 3175, 3178, 3179, 3180, 3181, 3184, 3185, 3187, 3188, 3191, 3192, 3195, 3201, 3202, 3210, 3220 |
| **सूचना और प्रसारण** | : | 3052, 3113, 3124, 3136, 3141, 3160, 3161, 3165, 3173, 3211, 3213, 3214 |
| **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** | : | 3005, 3019, 3020, 3042, 3044, 3049, 3097, 3104, 3125, 3135, 3200, 3218 |
| **वस्त्र** | : | 3018, 3023, 3025, 3041, 3051, 3056, 3063, 3067, 3092, 3093, 3098, 3105, 3120, 3140, 3143, 3151, 3152, 3157, 3174, 3177, 3186, 3217, 3219 |
| **महिला और बाल विकास** | : | 2997, 3002, 3016, 3021, 3026, 3029, 3032, 3046, 3047, 3053, 3061, 3062, 3064, 3065, 3068, 3080, 3091, 3096, 3102, 3114, 3127, 3147, 3158, 3162, 3167, 3171, 3196, 3197, 3198, 3203, 3207, 3208, 3209, 3212, 3215, 3216. |